दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 40 | जयपुर, गुरुवार, 18 जनवरी, 2024 | पौष, शुक्ल पक्ष- अष्टमी, विसं 2080 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### IND की AFG पर डबल सुपर ओवर में सुपर जीत



**बेंगलुरु।** टीम इंडिया ने टी20 वर्ल्ड कप 2024 से ठीक पहले अपनी आखिरी सीरीज 3-0 से जीत ली। बेंगलुरु में खेले गए मैच में डबल-सुपर ओवर देखने को मिला, जहां टीम इंडिया ने दूसरे सुपर ओवर में अफगानिस्तान को 10 रन से हरा दिया। कप्तान रोहित शर्मा के वर्ल्ड रिकॉर्ड 5वें शतक से पहले इंडिया ने 212 रन बनाए थे, जिस पर मैच टाई हो गया। फिर, दूसरे सुपर ओवर में रवि बिश्नोई ने 3 गेंदों के अंदर ही 2 अफगानी विकेट झटक टीम को ऐतिहासिक जीत दिलाई।

### सीएम को जान से मारने की धमकी तीन अरेस्ट

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को जान से मारने की धमकी मिली है। धमकी देने वाले ने बुधवार सुबह पुलिस नियंत्रण कक्ष में फोन कर धमकी दी थी। पुलिस के उच्चाधिकारियों ने एक्शन लेते हुए आरोपियों की लोकेशन ट्रेस की। इस पर आरोपियों की लोकेशन जयपुर केंद्रीय जेल में आने पर पुलिस ने उनकी पहचान की। प्रोडक्शन वारंट पर जेल में पोक्सो एक्ट में सजा काट रहे आरोपी मुकेश, राकेश और चेतन को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार धमकी भरा कॉल आरोपी मुकेश ने किया था। जेल में मोबाइल मिलने पर दो वार्डन को भी निलंबित कर दिया।

### IPS विकास व IAS अंशदीप को मिलेगा अवॉर्ड





**जयपुर।** आईपीएस विकास कुमार को भारत निर्वाचन आयोग की ओर से बेस्ट इलेक्टोरल प्रेक्टिस अवॉर्ड-2023 के अंतर्गत स्पेशल अवॉर्ड के लिए चुना गया है। आईएएस श्रीगंगानगर कलेक्टर अंशदीप को जनरल अवॉर्ड के लिए चुना गया है। आयोग ने बुधवार को इन अवॉर्ड्स की घोषणा की। जनरल अवॉर्ड के लिए देशभर से सात व स्पेशल अवॉर्ड के लिए चार अधिकारियों को चुना गया है।

**बलूचिस्तान टेरर कैंप पर मिसाइल अटैक से बिफरा पाकिस्तान:** ईरान पर वायु सीमा का उल्लंघन करने का लगाया आरोप

# पाक ने ईरान राजदूत को किया बर्खास्त, एंबेसडर को भी बुलाया

**एजेंसी** | इस्लामाबाद/तेहरान

ईरान ने मंगलवार देर रात पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में आतंकी कैंपों को निशाना बनाया। इससे बौखलाए पाकिस्तान ने बुधवार को पाकिस्तान में ईरान के राजदूत को बर्खास्त कर दिया। साथ ही ईरान में मौजूद पाकिस्तान के राजदूत को भी वापस बुलाने का फैसला किया है। पाकिस्तान विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। ईरान की राजदूत फिलहाल अपने देश के दौरे पर हैं। जहरा ने कहा कि अब उन्हें पाकिस्तान लौट कर आने की जरूरत नहीं है।



### यह हमारी संप्रभुता में दखलअंदाजी: पाक

पाकिस्तान सरकार ने बलूचिस्तान में किए गए मिसाइल अटैक की निंदा की है। इससे पहले ईरान ने मिसाइल अटैक की जिम्मेदारी ली। ईरान ने कहा कि बलूचिस्तान में जैस अल-अदल नामक आतंकी समूह के कैंप्स को निशाना बनाया गया है। यह आतंकी संगठन ईरान के सुरक्षाबलों पर हमला करने की गतिविधियों में शामिल था। हालांकि, पाकिस्तान ने इसे अपनी संप्रभुता में दखलअंदाजी बताया है। पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने ईरान पर अपनी वायु सीमा का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है।

### हवाई हमले में दो बच्चों की मौत

पाकिस्तान ने कहा कि ईरान ने बेवजह पाकिस्तान को उकसाने की कोशिश की है। इस तरह के हमले बिल्कुल मंजूर नहीं है। पाकिस्तान को इस हमले पर जवाबी एक्शन लेने का पूरा हक है। पाकिस्तान ने दावा किया है कि ईरान के हवाई हमले में दो बच्चों की भी मौत हुई है। ईरान को इसके गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। हालांकि, ईरानी विदेश मंत्रालय की ओर से अभी तक इस मामले पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई है।

### क्या होगा इसका भारत पर असर!

ईरान और पाकिस्तान के बीच इस ताजा विवाद से भारत पर सीधा असर नहीं होगा। हालांकि, भारत मौजूदा समय में ईरान के साथ मिलकर चाबहार बंदरगाह को विकसित करने के प्रोजेक्ट पर काम कर रहा है। ऐसे में इस क्षेत्र में अगर तनाव बढ़ता है तो ईरान और भारत दोनों पर इसका असर हो सकता है। बता दें कि ईरान का चाबहार पोर्ट रणनीतिक तौर पर भारत के लिए अहम है। इसके बनने पर भारत और ईरान के बीच अफगानिस्तान के रास्ते कॉमर्शियल जहाज आ जा सकेंगे। भारतीय जहाजों को पाकिस्तानी के जलक्षेत्र से गुजरने की जरूरत नहीं होगी।

**प्रदेश के बिजली क्राइसिस पर दिल्ली में मंथन**

**CM ने की केंद्रीय कोयला मंत्री व ऊर्जा मंत्री से मुलाकात**

# नहीं होने देंगे अंधेरा!

## प्रदेश में बिजली आपूर्ति व सड़कों के लिए सरकार की दो बड़ी पहल

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश की भजनलाल सरकार अब एक्टिव मोड पर आ गई है। प्रदेश में बिजली आपूर्ति व सड़कों के लिए सरकार ने दो अहम फैसलों पर काम किया। बुधवार को अपने एक दिवसीय दिल्ली दौरे में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केंद्रीय कोयला मंत्री प्रल्हाद जोशी व ऊर्जा मंत्री आरके सिंह से मुलाकात की। प्रदेश के बिजलीघरों में कोयले की पर्याप्त एवं निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सीएम ने केंद्रीय कोयला मंत्री प्रल्हाद जोशी का ध्यान राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम (आरवीयूएन) के बिजलीघरों में कोयले की आवश्यकता की ओर आकृष्ट किया।

सीएम ने कहा कि रबी सीजन के कारण राज्य में बिजली की बढ़ी हुई मांग को देखते हुए उत्पादन निगम को प्रतिदिन 23 कोल रैक की आवश्यकता है जबकि वर्तमान में कोल इंडिया लिमिटेड से औसतन 16.5 रैक प्रतिदिन की ही आपूर्ति हो पा रही है। इससे विद्युत उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। शर्मा ने केंद्रीय कोयला मंत्री से परसा ईस्ट एवं कांता बेसिन तथा परसा कोल ब्लॉक से खनन अविलंब प्रारंभ करने तथा यह खनन प्रारंभ होने तक कोल इंडिया लिमिटेड एवं इसकी सहायक कंपनियों के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाले कोयले की मांग के अनुरूप आपूर्ति सुनिश्चित करने का अनुरोध भी किया। इस पर केंद्रीय कोयला मंत्री प्रल्हाद जोशी ने हरसंभव सहयोग के लिए आश्वस्त किया है। केंद्रीय मंत्री ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री से बात करके परसा कोल ब्लॉक से खनन करने में आ रही दिक्कतों का शीघ्र समाधान निकालने के लिए भी आश्वस्त किया।

### केंद्र अनावंटित कोटे से एक हजार मेगावाट विद्युत का अस्थाई आवंटन हो: मुख्यमंत्री



सीएम भजनलाल शर्मा ने बुधवार को नई दिल्ली के श्रम शक्ति भवन में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह से मुलाकात की। सीएम ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्री का ध्यान प्रदेश में रबी सीजन के चलते बिजली की बढ़ी हुई मांग की ओर आकृष्ट किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान विद्युत उत्पादन निगम (आरवीयूएन) को आवंटित परसा ईस्ट-कांता बेसिन कैप्टिव कोल माइंस से खनन प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हो पाने के कारण प्रदेश को कोयले की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। इससे आरवीयूएन की लगभग 4 हजार 340 मेगावाट क्षमता की इकाइयों में विद्युत उत्पादन पर प्रतिकूल असर पड़ सकता है। मुख्यमंत्री एवं ऊर्जा मंत्री ने प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को पर्याप्त बिजली आपूर्ति तथा किसानों को 6 घंटे प्रतिदिन आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए केंद्र की कोयला आधारित विद्युत इकाइयों के अनावंटित कोटे से प्रदेश को 1 हजार मेगावाट बिजली का अस्थायी आवंटन करने का आग्रह किया। इस पर केंद्रीय ऊर्जा मंत्री ने मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया। सीएम ने ऊर्जा मंत्री को बताया कि रबी के सीजन में फसलों की सिंचाई के लिए विद्युत की मांग अधिक रहती है तथा वर्तमान में लगभग प्रतिदिन 3250 लाख यूनिट से अधिक की खपत दर्ज हो चुकी है। इसलिए इस बढ़ी हुई विद्युत की मांग को पूरा करने के लिए केंद्रीय स्तर से सरकार के लिए अतिरिक्त विद्युत आपूर्ति करना आवश्यक है।

### पांच हजार करोड़ रुपए के रोड प्रोजेक्ट को मंजूरी



प्रदेश में फिलहाल नए टेंडर, वर्क ऑर्डर और प्रोजेक्ट मंजूरी पर सरकार ने फिलहाल रोक लगा रखी हो, लेकिन केंद्र सरकार से साझेदारी के साथ बनने वाले प्रोजेक्ट के निर्माण का रास्ता खुल गया है। वित्त मंत्री व डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने बुधवार को इस तरह के सात कैटेगिरी के प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी है। इसमें 5 हजार करोड़ रुपए के रोड प्रोजेक्ट को मंजूरी दी है। वित्त मंत्री ने पीडब्ल्यूडी अधिकारियों संग बैठक करके इन प्रोजेक्ट को मंजूरी देने के बाद इन्हें जल्द शुरू करने के निर्देश दिए है। वित्त मंत्री ने बताया कि प्रदेश में लगभग 1 हजार 300 करोड़ की लागत के नेशनल हाइवे, 812 करोड़ की लागत की सीआरआईएफ श्रेणी की सड़कें, 1 हजार 718 करोड़ लागत की राजस्थान राज्य उच्चमार्ग प्राधिकरण की सड़कें, 672 करोड़ की प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़कों और 272 करोड़ की लागत के भवन निर्माण कार्यों को शुरू करने के निर्देश दिए है।

### इन श्रेणियों के कामों को मिली मंजूरी

केंद्र सरकार की ओर से 100 फीसदी वित्त पोषित योजनाएं जैसे राष्ट्रीय राजमार्ग, केंद्रीय सड़क आधारभूत निधि (सीआरआईएफ) और ऐसे कार्य जिनके निर्माण कार्य के पेटे संपूर्ण राशि सार्वजनिक निर्माण विभाग में जमा करवाई जानी है और आंशिक अग्रिम राशि जमा करवाई जा चुकी है। इसी प्रकार केंद्र और राज्य सरकार की साझा रूप से वित्त पोषित योजनाएं इसमें प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, केंद्र प्रवर्तित योजनाओं के अंतर्गत जारी भवन निर्माण कार्य, रेलवे के साथ लागत साझा आधारित परियोजनाएं और राजस्थान राज्य उच्च मार्ग प्राधिकरण के अंतर्गत आने वाले कार्य शामिल है।

# विधानसभा का पहला बजट सत्र कल से

**बेधड़क** | जयपुर

भजन लाल सरकार का पहला बजट सत्र 19 जनवरी से शुरू होने जा रहा है। इससे एक दिन पूर्व आज मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विधायक दल की बैठक बुलाई है।

बैठक के बारे में मंत्रियों को सूचित कर दिया गया है। 22 जनवरी को अयोध्या में होने वाले राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह से ठीक पहले होने वाली बैठक में 22 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने सहित कई अन्य प्रस्ताव मंजूर किए जा सकते हैं। विधायक दल की बैठक में प्रदेश में पेट्रोल डीजल के दाम घटाने, कानून व्यवस्था सुधार के लिए नए प्रयोगों तथा खुले में नॉनवेज बेचने पर रोक लगाने जैसे फैसले लिए जा सकते हैं।

संभावना है कि गैस सिलेंडर सब्सिडी, अन्नपूर्णा योजना और मुफ्त इलाज जैसे अहम वादों को लेकर इस कैबिनेट बैठक में नए ऐलान किए जा सकते हैं। सरकार पहले ही भाजपा के संकल्प पत्र को लेकर काम करने की बात कह चुकी है। कैबिनेट की बैठक में इस संकल्प पत्र को सरकारी दस्तावेज के रूप में रखा जाएगा, जिस पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के साथ पूरी कैबिनेट की मंजूरी ली जाएगी।



### स्पीकर ने आज बुलाई सर्वदलीय बैठक

विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी पहली बार एक नया प्रयोग करने जा रहे हैं। देवनानी ने तय किया है कि लोकसभा की तरह ही राजस्थान विधानसभा में भी सत्र शुरू होने से पहले सर्वदलीय बैठक बुलाई जाएगी, जिससे सत्र चलाने से पहले सभी दलों में आपसी सामंजस्य बने और सत्र सुचारू रूप से चल सके। यह बैठक गुरुवार को होगी। सर्वदलीय बैठक में सभी दलों के नेता और कुछ निर्दलीयों को शामिल किया जाएगा। सदन के नेता यानी मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष के अलावा आरएलपी, आरएलडी, बसपा के एक-एक और निर्दलीय विधायक इस सर्वदलीय दल के सदस्य होंगे। सरकारी मुख्य सचेतक और विपक्ष के सचेतक को भी इस बैठक में शामिल किया जाएगा। बैठक का भी वही स्वरूप होगा, जो लोकसभा अध्यक्ष की अध्यक्षता सर्वदलीय बैठक का होता है।

**जल जीवन मिशन में घोटाला**

# पूर्व मंत्री जोशी सहित अन्यों को ED कर सकता है दिल्ली तलब

**बेधड़क** | जयपुर

जल जीवन मिशन (जेजेएम) घोटाले को लेकर प्रवर्तन निदेशालय की मंगलवार को की गई छापेमारी के बाद अब ईडी जल्द ही पूछताछ के लिए पूर्व मंत्री महेश जोशी को दिल्ली बुला सकती है।

जोशी के अलावा अजमेर के सीनियर इंजीनियर परितोष गुप्ता, जगदीश प्रसाद फर्म का मालिक शिवरतन अग्रवाल, जल जीवन मिशन में घोटाले का मास्टरमाइंड पदमचंद जैन, महेश मित्तल, जलदाय विभाग का सीनियर इंजीनियर सुनील गर्ग, तत्कालीन नागौर अधीक्षण अभियंता एमपी सोनी को भी पूछताछ के लिए बुला सकती है। फिलहाल महेश मित्तल फरार है। मंगलवार को महेश जोशी, जलदाय विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदारों से ईडी ने 15 घंटे पूछताछ की थी। जांच एजेंसी तीन बार प्रदेश में 24 से अधिक लोगों से पूछताछ कर चुकी है। अब कड़ी से कड़ी जोड़ी जा रही है। इसके बाद ऑफिस में बुलाया जाएगा।

### ये भी हैं ईडी जांच के दायरे में

तत्कालीन एसीएस सुबोध अग्रवाल, तीन चीफ इंजीनियर दिनेश गोयल, केडी गुप्ता, आरके मीणा से ईडी पूछताछ कर चुकी है। इसके अलावा तत्कालीन एडिशनल चीफ इंजीनियर आरसी मीणा, सुबोध अग्रवाल के पूर्व ओएसडी और एडिशनल चीफ इंजीनियर शुभांशु दीक्षित, मंत्री महेश जोशी के पूर्व ओएसडी और एक्सईएन संजय अग्रवाल, संजय बढ़ाया, तपन गुप्ता, नमन गुप्ता, पूर्व आरएएस अमिताभ कौशिक, प्रॉपर्टी डीलर रामअवतार शर्मा, आलोक खंडेलवाल, कल्याण सिंह से भी पूछताछ हो चुकी है। अभी जांच जारी है।

**एसीबी की लेटलतीफी**

# आय से अधिक की संपत्ति का केस तय करने में लग गए साढ़े दस साल

- जांच में जेईएन के पास निकली आय से 35 फीसदी अधिक की संपत्ति
- विद्युत निगम के JEN को 10 साल पहले दबोचा था 25 हजार घूस लेते
- जेईएन तब Ex En मीटर्स अजमेर विद्युत वितरण निगम-सीकर में कार्यरत था

**बेधड़क** | जयपुर

क्षेत्राधिकार से बाहर जाकर घूस लेने के मामले में दस साल पहले गिरफ्तार हुए अजमेर विद्युत वितरण निगम के कनिष्ठ अभियंता की दस साल की लंबी जांच के बाद भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया है। यह मामला तत्कालीन जेईएन विजय कुमार मूंड के खिलाफ दर्ज किया गया है। एसीबी ने जांच में विजय की आय अर्जित आय से 35 फीसदी से ज्यादा मानी है। एसीबी की जांच में सामने आया कि विजय कुमार की वर्ष 1998 से जून 2013 तक आय 20 लाख रुपए के करीब थी। इस अवधि में आय के साथ में 11 लाख रुपए से ज्यादा का खर्चा करने सहित अन्य आय का पता चला। कुल मिलाकर अर्जित आय से विजय कुमार की आय 32 लाख रुपए से ज्यादा की मिली है।



### क्षेत्राधिकार से बाहर जाकर दी धमकी

विजय कुमार मूंड तत्कालीन कनिष्ठ अभियंता-मीटर्स कार्यालय, अधिशाषी अभियंता-मीटर्स अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड-सीकर में कार्यरत था। मामले के अनुसार मूंड ने परिवादी के अस्पताल का विद्युत भार बढ़ाने और मीटर बदलने की एवज में अपने क्षेत्राधिकार से बाहर जाकर उसकी वीसीआर भरने की धमकी देकर 25 हजार रुपए घूस की मांग की। परिवादी की शिकायत पर एसीबी टीम ने सत्यापन के पश्चात 18 जून 2023 को विजय को घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया था।

### घर पर मिले थे आय से अधिक संपत्ति होने के दस्तावेज

एसीबी ने तब ट्रैप की कार्रवाई के बाद आरोपी विजय के घर पर सर्च किया था। सर्च के दौरान विजय के घर पर एसीबी को पत्नी व बच्चों के नाम से किए गए निवेश, एलआईसी के दस्तावेज और प्रॉपर्टी के दस्तावेज मिले थे। उन दस्तावेजों की पिछले दस साल से एसीबी जांच कर रही थी। हालांकि, इस मामले में एसीबी ने केवल कनिष्ठ अभियंता विजय को ही आरोपी बनाया है, जबकि पिछले दो साल में दर्ज आय से अधिक संपत्ति के मामलों में एसीबी के अधिकारी आरोपी के परिजनों को भी आरोपी बना रहे थे।

## जरूरी खबर

### वंदे भारत ट्रेन का सांसद-विधायक आज करेंगे स्वागत



**बेधड़क,जयपुर।** जयपुर जंक्शन रेलवे स्टेशन से नई ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस का ठहराव गांधीनगर रेलवे स्टेशन पर गुरुवार से किया जाएगा। ऐसे में ट्रने के गांधी नगर स्टेशन पर पहुंचने पर सांसद राम चरण बोहरा और मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता स्वागत करेंगे। वहीं, ट्रेन को सांसद बोहरा और विधायक सराफ हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। गौरतलब है कि वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत जयपुर जंक्शन से करने पर सांसद रामचरण बोहरा और विधायक सराफ ने ट्रेन का ठहराव गांधीनगर रेलवे स्टेशन पर किए जाने की मांग की थी।

### ऋण योजनाओं के लिए अब 21 तक कर सकेंगे आवेदन

**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम की ओर से संचालित विभिन्न राष्ट्रीय निगमों की ऋण योजनाओं के तहत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सफाईकर्मी, विशेष योग्यजन एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के पात्र एवं इच्छुक अभ्यर्थियों द्वारा ऋण आवेदन आमंत्रित किए गए थे। परियोजना प्रबंधक मनोज कुमार ने बताया कि निगम की ओर से ऑनलाइन ऋण आवेदन पत्र प्राप्त करने की तिथि 21 जनवरी तक बढ़ाई गई है। पात्र अभ्यर्थी अनुजा निगम के ऑनलाइन पोर्टल पर स्वयं की एसएसओ आईडी से अथवा ई-मित्र की सहायता से 21 जनवरी तक ऋण आवेदन कर सकते हैं।

### जिला कलेक्ट्रेट में आज होगी आमजन की सुनवाई



**बेधड़क. जयपुर।** आमजन की परिवेदनाओं की त्वरित सुनवाई के लिए जिला कलेक्ट्रेट में गुरुवार को जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान कार्यक्रम आयोजित होगा। कलक्ट्रेट सभागार में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होने वाले जनसुनवाई कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधि एवं जिला स्तरीय अधिकारी भाग लेंगे। जिला कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि जिला स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम में वीडियों कान्फ्रेंस के माध्यम से मुख्य सचिव भी भाग लेंगे। जिले के सभी उपखंड अधिकारी सहित सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी भी वीडियों कान्फ्रेंस के माध्यम से जुड़ेगे।

## सरहदी इलाकों में छाया रहा घना कोहरा, माउंट आबू में लगातार तीसरे दिन माइनस 2 डिग्री रहा तापमान

# 8 जिलों में शीतलहर की संभावना, राजधानी में 3 डिग्री गिरा पारा

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में बुधवार को उत्तर-पश्चिमी और पूर्वी जिले कोहरे के आगोश में रहे। सरहदी जिले बीकानेर, जैसलमेर और श्रीगंगानगर में सुबह घना कोहरा रहा। शेखावाटी में सुबह हल्की सर्द हवा चलने से ठिठुरन रही।

जयपुर, अजमेर सहित अन्य शहरों में भी तापमान गिरने से गलन भरी सर्दी रही। इसी प्रकार हिल स्टेशन माउंट आबू में लगातार तीसरे दिन बर्फ जमा देने वाली सर्दी रही। यहां न्यूनतम तापमान माइनस 2 डिग्री सेल्सियस रहा। राजधानी जयपुर की बात करें तो बुधवार को मिनिमम टेम्प्रेचर 3 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। जयपुर में सुबह धुंध रही और हल्की सर्द हवा चली। यहां का न्यूनतम तापमान 6.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम केंद्र जयपुर के निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया कि राज्य में अगले एक सप्ताह मौसम ड्राई रहेगा। अगले 3 दिन राज्य के उत्तरी-पूर्वी क्षेत्र के 8 जिलों में घने कोहरे का अलर्ट है। श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, झुंझुनूं, अलवर, भरतपुर, धौलपुर, सीकर और चूरू में कोहरा रहने के साथ कोल्ड-वेव चलने की भी आशंका है। इस कारण इन इलाकों में दिन-रात के तापमान में करीब 4 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट हो सकती है। कोहरे से विजिबिलिटी 200 मीटर से कम हो सकती है।



### विभिन्न जिलों का अधिकतम व न्यूनतम तापमान

| | | |
|---|---|---|
| जयपुर | 23.3 | 6.4 |
| अजमेर | 25.3 | 10.2 |
| बाड़मेर | 28.4 | 11 |
| बीकानेर | 26 | 7.2 |
| चूरू | 22.6 | 6.6 |
| जैसलमेर | 26.2 | 6.8 |
| जोधपुर | 27.2 | 8.5 |
| कोटा | 23.9 | 10.5 |
| सीकर | 24 | 8.5 |
| श्रीगंगानगर | 14.5 | 5.5 |
| उदयपुर | 26.5 | 8.2 |
| माउंट आबू | 24 | -2 |

### जैसलमेर व बीकानेर में भी लुढ़का पारा

बीकानेर में बुधवार को मिनिमम टेम्प्रेचर एक डिग्री सेल्सियस गिरकर 7.2 पर आ गया। जैसलमेर में कोहरा और ठंडी हवा के कारण मिनिमम टेम्प्रेचर 2 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। श्रीगंगानगर और चूरू के टेम्प्रेचर में थोड़ा इजाफा हुआ, लेकिन सर्दी से यहां लोगों को कोई खास राहत नहीं मिली। दिन में भी लोग गर्म कपड़ों में लिपटे रहे। वहीं लोग जगह-जगह आलाव तापते नजर आए।

## साइबर हैकथॉन 1.0 के उद्घाटन में बोले गृह राज्यमंत्री बेढम

# 5वीं फेल पढ़े-लिखे को ठग रहा साइबर अपराध रोकना जरूरी

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश के गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म ने कहा कि मैं जिस जिले से आता हूं, वह साइबर अपराध में सबसे टॉप पर है। पांचवी फेल व्यक्ति पढ़े लिखे लोगों को ठगने का काम कर रहा है। 21वीं सदी में साइबर अपराध बहुत बड़ी चुनौती के रूप में सामने आया है। विशेष रुप से मेवात क्षेत्र में बढ़े अपराधों पर रोक लगाने के लिए सार्थक प्रयास की आवश्यकता है।

गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म बुधवार को झालाना स्थित राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में राजस्थान पुलिस की ओर से आयोजित साइबर हैकथॉन 1.0 के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि साइबर हैकथॉन 1.0 साइबर अपराध पर लगाम लगाने में मिल का पत्थर साबित होगी। साथ ही उन्होंने अपराधियों को चेताते हुए कहा कि प्रदेश में चाहे सामान्य अपराधी हो या साइबर अपराधी या तो अपराध छोड़ दे या प्रदेश छोड़ दे। भाजपा सरकार अपराध से निपटने में बहुत संवेदनशील है। गृह राज्यमंत्री बेढ़म ने अपने जिले सहित प्रदेश में साइबर विशेषज्ञ एएसपी अधिकारियों के नेतृत्व में टीम गठित करने का सुझाव पुलिस अधिकारियों को दिया। समारोह में भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र के सीईओ राजेश कुमार ने बताया कि यह संस्थान देश में साइबर अपराध से समन्वित और व्यापक तरीके से निपटने के लिए भारत सरकार के गृह मंत्रालय की एक पहल है। एसीएस गृह आनन्द कुमार ने कहा कि साइबर अपराध को नियंत्रित करने के लिए नई तकनीक और साइबर जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है।



### विजेताओं को मिलेंगे 20 लाख के इनाम

साईबर क्राईम डीजीपी डॉ. रविप्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि कार्यक्रम के लिए एक साल से जुटे हुए थे। हैकथॉन में टेक्नोलॉजिकल सॉल्यूशन के लिए पोर्टल पर 2 महीने पहले प्रोबलम स्टेटमेंट डाले थे। उन प्रोबलम स्टेटमेंट पर 1200 स्टूडेंट यहां 36 घंटे बैठकर अपना फाइनल टच देंगे। कोई सॉल्यूशन निकलेगा तो ओवरऑल तथा हर प्रॉब्लम स्टेटमेंट पर प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुस्कार के रूप में कुल 20 लाख रुपए इनाम वितरित किए जाएंगे। साथ ही विजेता युवाओं को इंटर्नशिप भी देंगे।

### सात सेशन में वक्ताओं ने रखे विचार

आआईसी के मुख्य ऑडिटोरियम एवं मिनी ऑडिटोरियम में एक-एक घंटे के कुल 7 सेशन हुए। पहले सेशन को रिटायर्ड डीजीपी जयंथ मुरली ने संबोधित किया। दूसरे सेशन में वरिष्ठ पत्रकार सौरभ द्विवेदी ने सरकारी इश्तेहारों की भाषा को लेकर कहा कि ये आमजन को आसानी से समझने वाली होनी चाहिए। पुलिस भी मीडिया के सहयोग से साइबर क्राईम रोक सकती है। तीसरे सेशन में असिस्टेंट डायरेक्टर जनरल सिविल सर्वेंट गवर्नमेंट ऑफ इंडिया नवीन जाखड़ ने दूरसंचार संसाधनों के दुरुपयोग, साइबर अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी को लेकर सम्बोधित किया। अन्य सेशन में साइबर क्राईम की रोकथाम को लेकर वक्ताओं ने विचार रखे।

### AI टेक्नोलॉजी से नहीं बचेंगे अपराधी

हैकथॉन में कई प्रतिभागियों ने तकनीकी मॉडल सामने रखे। ऐसे ही एक तकनीकी मॉडल नोएडा के बीटेक स्टूडेंट्स अजय कुमार, निश्चय चौरसिया, स्वाति शर्मा ने प्रदर्शित किया। उन्होंने बताया कि इनकी तकनीक मॉडल एआई फॉर कैमरा डिसीजन मेकिंग पर आधारित है। इसमें एआई सॉफ्टवेयर काम में लेने पर यह अब हथियार, लड़ाई, एक्सीडेंट जैसे अन्य अपराध की फोटो कैप्चर कर लेंगे। पुलिस को मैसेज के साथ फोन का अलर्ट भेज देगा। नोएडा की ही निकिता और आर्या ने डाटा एनालायसिस एंड फाइनेंसियल फ्रॉड का तकनीकी मॉडल बताया। इसमें ऑनलाइन फ्रॉड होने पर लोकेशन, और ट्रांजेक्शन का पता चल जाएगा।

### हैकथॉन में आज होंगे दस सेशन

गुरुवार को हैकाथॉन में दस ससेशन होंगे। समापन समारोह में मुख्य अतिथि राज्यपाल कलराज मिश्र, विशिष्ट अतिथि सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़, डीजीपी यू आर साहू, डीजी रविप्रकाश मेहरडा एवं एडीजी संजय अग्रवाल शामिल होंगे।

### डीपफेक वीडियो का चलेगा पता

बीटेक स्टूडेंट्स प्रिशा, अंजलि, साक्षी, ऋतुजा ने डीपफेक डिटेंशन मॉडल सॉफ्टवेयर प्रदर्शित किया। इसमें वीडियो अपलोड करने पर उसे अलग-अलग भागों में बांटकर सत्यता बता देगा।

### 12 घंटे तक 100 मीटर उड़ सकता है ड्रोन

हैकाथॉन में एक ऐसा ड्रोन सामने आया जो 12 घंटें तक 100 मीटर उंचाई में 5 किलोमीटर तक तस्वीरें कैप्चर सकता है। यह जमीन पर तार से जुड़ा रहेगा। यह चार किलो वजन हवा ले जा सकता है। इसका उपयोग मॉनिटरिंग, सर्विस, कम्यूनिकेशन के लिए किया जा सकता है।

## अभ्यर्थियों की सरकार को चेतावनी

# कैबिनेट बैठक में RAS भर्ती पर फैसला नहीं हुआ तो तेज करेंगे आंदोलन



बेधड़क | जयपुर

आरएएस भर्ती परीक्षा को आगे बढ़ाने की मांग तेज होती जा रही है। इसको लेकर बुधवार को अभ्यर्थियों ने राजस्थान यूनिवर्सिटी में छात्र स्वाभिमान सम्मेलन आयोजित किया। इसमें कहा गया कि सरकार गुरुवार को होने वाली पहली कैबिनेट बैठक में परीक्षा आगे बढ़ाने पर सकारात्मक फैसला नहीं किया तो शुक्रवार से प्रदेशभर में आंदोलन तेज किया जाएगा।

दरअसल, राजस्थान प्रशासनिक सेवा भर्ती परीक्षा की तारीख आगे बढ़ाने की मांग को लेकर पिछले 10 दिनों से यूनिवर्सिटी में धरना जारी है। मंगलवार को राजस्थान यूनिवर्सिटी में धरना दे रहे छात्रों का प्रतिनिधिमंडल कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीणा के साथ मुख्यमंत्री भजनलाल से मिलने विधानसभा पहुंचा था, जहां मुख्यमंत्री ने छात्रों से कैबिनेट की बैठक में मुख्य भर्ती परीक्षा की तारीख पर फैसला लेने की बात कही। छात्र नेता लक्ष्य सिंह ने बताया कि राजस्थान में बीजेपी सरकार के गठन के पहले से ही हम मुख्य भर्ती परीक्षा की तारीख आगे बढ़ाने की मांग कर रहे थे। सरकार के गठन के बाद भाजपा के विधायक भी हमारी मांग के समर्थन में आ गए। मंत्रियों ने भी हमारी मांग को मुख्यमंत्री तक पहुंचाया। ऐसे में प्रदेशभर से भर्ती परीक्षा में शामिल अभ्यर्थियों ने सरकार तक अपनी जायज मांग पहुंचने के लिए गांधीवादी तरीके से प्रदर्शन किया था। इसके बावजूद हमारी मांग को जल्द पूरा नहीं किया गया। प्रदेशभर में युवाओं ने सड़क से लेकर सोशल मीडिया तक अभियान शुरू कर दिया है। वहीं राजस्थान यूनिवर्सिटी में छात्र सरकार के खिलाफ धरने पर भी बैठे हैं। जहां समझाइश करने के लिए शिक्षा मंत्री मदन दिलावर और कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा भी पहुंच चुके हैं, लेकिन छात्र अपनी मांगों को लेकर अड़े हुए हैं।

## तय सीमा में नहीं लगाई तो भरना पड़ेगा जुर्माना

# पूराने वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने की प्रक्रिया शुरू

बेधड़क | जयपुर

लोकसभा प्रदेश में एक अप्रैल 2019 से पहले पंजीकृत पुराने वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने की प्रक्रिया परिवहन विभाग ने शुरू कर दी है।

नंबर प्लेट लगाने के लिए पोर्टल शुरू किया है, जिस पर वाहन मालिक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से वेबसाइट पर प्लेट के लिए स्लॉट बुकिंग करेंगे। भुगतान भी ऑनलाइन ही किया जाएगा। तय सीमा में हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट नहीं लगवाने पर वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। प्रदेश में इनमें 15 साल पुराने करीब एक करोड़ वाहन हैं। वाहनों के प्रकार के हिसाब से अलग-अलग स्टीकर लगाए जाएंगे। जिन वाहनों के पंजीयन क्रमांक का अंतिम अंक 1 या 2 है वे 29 फरवरी तक, जिनका अंतिम अंक 3 या 4 है वे 31 मार्च तक, अंतिम अंक 5 या 6 है वे 30 अप्रैल तक, अंतिम अंक 7 या 8 है वे 31 मई तक, अंतिम अंक 9 या 0 है वे 30 जून तक नंबर प्लेट लगवा सकते हैं। वहीं दोपहिया वाहन को 425 रुपए, तिपहिया वाहन पर 470 रुपए, हलके चौपहिया वाहन 695 रुपए, मध्यम और भारी मोटरयान 730 रुपए, ट्रैक्टर और कृषि कार्य संबंधी वाहन पर नंबर प्लेट लगाने के लिए 495 रुपए की राशि चुकानी होगी।

## कुर्सी पर मां को बिठाकर लिया आशीर्वाद

# मंत्री संजय शर्मा ने किया पद भार ग्रहण

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश की भजनलाल सरकार में वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा ने मलमास खत्म होने के बाद बुधवार को सचिवालय में कार्यभार ग्रहण किया। इस दौरान शर्मा ने विधि-विधान से पूजा कर अपनी मां तारा शर्मा को सबसे पहले कुर्सी पर बिठाया और मंत्री पद संभाला।

उन्होंने कहा कि राजस्थान के वन और पर्यावरण की सुरक्षा करना मेरी पहली प्राथमिकता है, ताकि राजस्थान के पर्यटन का विकास हो और ज्यादा से ज्यादा पर्यटक राजस्थान आए। इससे प्रदेश की आर्थिक व्यवस्था मजबूत होने के साथ ही ज्यादा से ज्यादा लोगों तक रोजगार पहुंच सके। शर्मा ने कहा की राजस्थान में लगातार प्रदूषण भी बढ़ रहा है। ऐसे में प्रदूषण पर किस तरह काबू किया जाए, इसको लेकर भी जल्द कार्य योजना तैयार की जाएगी, जिसे मुख्यमंत्री से चर्चा के बाद लागू किया जाएगा। मंत्री ने सचिवालय में जामुन का पेड़ लगाया।



### वन-पर्यावरण के क्षेत्र में विकास किया जाए

शर्मा ने कहा कि किस तरह वन और पर्यावरण के क्षेत्र में विकास किया जाए, इसको लेकर जल्द ही नई योजनाएं तैयार करेंगे। इसके साथ ही विभाग की जो भी योजनाएं फिलहाल चल रही है, उन्हें और बेहतर बनाने की कोशिश की जाएगी। ऐसे में अगर उनमें कमी हुई, तो उन्हें ठीक किया जाएगा। लेकिन अगर कोई योजना ऐसी हुई जो धरातल पर सही साबित नहीं हो रही है उसका रिव्यू किया जाएगा।

## कांग्रेस की लोकसभा स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक

# रंधावा ने कहा- लोकसभा चुनाव में विधायकों और युवाओं को देंगे टिकट

बेधड़क | जयपुर

लोकसभा चुनाव के लिए बनी कांग्रेस की स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में हुई। बैठक में स्क्रीनिंग कमेटी की मेंबर रजनी पाटिल व राजस्थान कांग्रेस के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने नवनिर्वाचित विधायकों से आगामी लोकसभा चुनावों की तैयारियों को लेकर चर्चा भी की।

बैठक से पूर्व मीडिया से मुखातिब होते हुए राजस्थान कांग्रेस के प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने लोकसभा चुनावों में विधायकों को बड़ी संख्या में टिकट देने के संकेत दिए हैं। विधायकों को टिकट देने के सवाल पर रंधावा ने कहा कि अगर वो (बीजेपी वाले) सांसद को लाकर विधानसभा में हरवा सकते हैं तो कांग्रेस के पास जीते हुए विधायक हैं, जो जीत सकते हैं।

हम उन विधायकों को क्यों नहीं उतार सकते। कैंडिडेट्स में विनेबिलिटी और कांग्रेस का डीएनए देखा जाएगा। रंधावा प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में हम यूथ लीडर्स को ग्रूम करेंगे। इस बार फोकस यूथ पर रहेगा। हम यूथ और पुराने नेताओं का कॉम्बिनेशन बनाएंगे। जल्दी इलेक्शन कैंपेन कमेटी बनाएंगे और जिला स्तर पर तैयारी करेंगे। लोकसभा चुनाव में जिताऊ को ही देखा जाएगा।



### कांग्रेस 22 जनवरी बाद जाएगी राममंदिर

राजस्थान कांग्रेस के प्रभारी रंधावा ने कहा कि धर्म के नाम पर सियासत नहीं होनी चाहिए। भाजपा राजनीति के नीचे धर्म को लेकर आ गई है। वे कहते हैं राम मंदिर हम जाएंगे क्या? मैं पूछना चाहता हूं क्या राम इनके हैं। गुरु ग्रंथ साहिब में राम 5000 बार लिखा है। ऐसे में क्या यह हमें सिखाएंगे? जब मंदिर बन जाएगा, मूर्ति की प्रतिष्ठा हो जाएगी, तब हम राम मंदिर जाएंगे।

### कांग्रेस ही कांग्रेस को हराती है: पाटिल

स्क्रीनिंग कमिटी की चेयरपर्सन रजनी पाटिल ने कहा कि कांग्रेस ही कांग्रेस को हराती है। पाटिल के इस बयान को गहलोत और पायलट के मतभेत से जोड़ कर देखा जा रहा है। दोनों के बीच कई बार बड़ी तकरार हो चुकी है और केंद्रीय नेतृत्व को इसे सुलझाने के लिए आगे आना पड़ा। हालांकि यह तकरार खत्म नहीं हुई है। इन दोनों की लड़ाई का खामियाजा विधानसभा चुनाव में पार्टी को भुगतना पड़ा।

### घनश्याम तिवाड़ी के बयान से साबित हुआ कि ये पर्ची सरकार ही है

प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने भी बीजेपी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि हम लोकसभा चुनाव में अच्छा प्रदर्शन करेंगे और कांग्रेस पार्टी भारी संख्या में जीतकर जाएंगे। इंडिया अलायंस की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि यह सरकार पर्ची सरकार है और अब तो घनश्याम तिवाड़ी ने भी कह दिया है कि यह पर्ची से बनी हुई सरकार है। अब हमें सर्टिफिकेट मिल गया है कि ऊपर से जो पर्ची आई उसके आधार पर यह सरकार बनी। डोटासरा ने कहा कि राजीव गांधी युवा मित्र को निकालने और स्वास्थ्य मंत्री द्वारा चिरंजीवी योजना को फर्जी बताने सहित करीब 50 केस मेरे संज्ञान में है। यदि मंत्री मेरे सामने बैठ जाएं तो मैं बता सकता हूं कि कितने लोगों को राहत मिली है। वे हमारी अच्छी योजनाओं को बदनाम कर अपनी चमक दिखाना चाहते हैं, जिसका हम विरोध करेंगे।

## जरूरी खबर

### शहर में आज नहीं आएगा पीने का पानी



**जयपुर।** शहर में गुरुवार से दो दिन पीने के पानी की सप्लाई प्रभावित रहेगी। जल स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग ने गुरुवार शाम और शुक्रवार सुबह सप्लाई को बंद रखने का निर्णय किया है। बीसलपुर पाइपलाइन में हुए लीकेज को ठीक करने के लिए ये शटडाउन लिया जा रहा है। पीएचईडी के अतिरिक्त मुख्य अभियंता अजय सिंह राठौड़ ने बताया कि बीसलपुर से जयपुर आ रही 2300 एमएम व्यास की मैन लाइन सूरजपुरा प्लांट से 32 किमी आगे लीकेज हो गया है। इस लीकेज के कारण उस जगह बड़ी मात्रा में पानी बह रहा है। इस लीकेज को ठीक करने के लिए 18 जनवरी सुबह से 19 जनवरी शाम तक सप्लाई को रोका जाएगा। राठौड़ ने बताया कि पानी की सप्लाई 19 जनवरी की शाम से बहाल होगी।

### जिप की विशेष साधारण सभा की बैठक आज

**जयपुर।** जिला परिषद की विशेष साधारण सभा की बैठक गुरुवार को आयोजित की जाएगी। जिला प्रमुख रमा देवी की अध्यक्षता में आयोजित होने वाली बैठक में बिजली, पानी, सड़क सहित आमजन से जुड़े अन्य अहम बिन्दुओं पर चर्चा होगी। मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शिल्पा सिंह ने बताया कि बैठक में विगत बैठक की कार्यवाही का अनुमोदन, महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत वार्षिक कार्य योजना वर्ष 2024-25 का अनुमोदन, पट्टा पत्रावलियों का अनुमोदन किया जाएगा। बैठक में जिला परिषद के सदस्य, जनप्रतिनिधिगण एवं सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहेंगे।


सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए ख़बर, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।


## दीया कुमारी ने बताई विशेषता, कहा-सिरमौर से जयपुर लाई थीं राजमाता पद्मिनी देवी

# सिटी पैलेस में गुरु गोविंद सिंह की ऐतिहासिक तलवार की पूजा

**बेधड़क** | जयपुर

गुरु गोविंद सिंह के प्रकाश पर्व पर उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी ने बुधवार को सिटी पैलेस के सर्वतोभद्र चौक में विशेष पूजा की। इस अवसर पर उन्होंने जयपुर के सिटी पैलेस में रखी गई गुरु गोविंद सिंह की 338 साल पुरानी ऐतिहासिक तलवार की भी पूजा-अर्चना की।

दीया कुमारी ने कहा कि गुरु गोविंद सिंह का त्याग, बलिदान और शौर्य की गाथा हम सबको सदैव प्रेरित करती रहेगी। इसके बाद शबद कीर्तन का आयोजन किया गया। सभी को प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान एमएसएमएस द्वितीय संग्रहालय की कार्यकारी ट्रस्टी रमा दत्त और सिटी पैलेस, कला एवं संस्कृति, ओएसडी, रामू रामदेव मौजूद रहे। गुरु गोविंद सिंह जी के प्रकाश पर्व पर उनकी एतिहासिक तलवार सिटी पैलेस के सर्वतोभद्र चौक में पर्यटकों के दर्शन के लिए रखी गई। दरअसल, गुरु गोविंद सिंह ने कुछ समय नाहन (सिरमौर जिला) में व्यतीत किया था।

तब नाहन छोड़ते समय उन्होंने अपनी निजी तलवार तत्कालीन शासक को स्मृति चिह्न के रूप में भेंट की थी। पद्मिनी देवी जो कि नाहन से हैं, कुछ वर्ष पहले तलवार को जयपुर लेकर आई थीं। तब से यह तलवार सिटी पैलेस में है। सिख समाज के लोगों ने कृपाण के दर्शन कराने के लिए राजमाता पद्मिनी देवी का आभार व्यक्त किया।

अभिनंदन



पूजन



फोटो: पंकज शर्मा

## दो साल बाद विशेष बैठक में 1189.42 करोड़ का बजट पेश करेंगी मेयर

# सफाई पर फोकस करेगा निगम 375 करोड़ रु. किए जाएंगे खर्च

**बेधड़क** | जयपुर

ग्रेटर नगर निगम की छठी साधारण सभा की बैठक गुरुवार को नगर निगम मुख्यालय में होगी, इसमें वित्तीय वर्ष 2024-25 का बजट पेश किया जाएगा। इसमें ग्रेटर निगम इस बार सफाई व्यवस्था पर ज्यादा ध्यान देगा। इस पर नगर निगम करीब 375 करोड़ रुपए खर्च करेगा। वहीं, शहर में नई सड़कों के निर्माण पर इस बार 40 करोड़ रुपए, जबकि लाइट और पार्क के रखरखाव 75.28 करोड़ रुपए का प्रावधान है।

गौरतलब है कि ग्रेटर निगम में दो साल बाद बजट बैठक हो रही है, जो 19 जनवरी से शुरू हो रहे विधानसभा सत्र से पहले बुलाई गई है। बैठक में कई मदों में बजट में कटौती की गई है, जबकि सफाई, गैराज जैसे मदों में बजट बढ़ाया गया है। एक दिन पहले ही वित्त समिति की बैठक में इस बजट को स्वीकृति दी गई, अब इसे बोर्ड बैठक में पेश किया जाएगा। पिछले वित्तीय वर्ष के मुकाबले इस बार 199 करोड़ रुपए का अधिक बजट पेश किया जाएगा।



### 504.53 करोड़ में होगा शहर का विकास

ग्रेटर नगर निगम ने वर्ष 2024-25 के बजट प्रावधान में शहर के विकास पर 504 करोड़ रुपए खर्च करने का प्रावधान किया है, इसमें 40 करोड़ रुपए में ग्रेटर निगम में 150 वार्डों में नई सड़कें बनवाने का प्रावधान किया गया है। सड़क, नाली रखरखाव पर 25 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। वहीं, अन्य निर्माणों पर करीब 40 करोड़ रुपए खर्च करने का प्रावधान किया गया है। मल्टीलेवल पार्किंग निर्माण के लिए 12 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। 7 करोड़ रुपए में ई-लाइब्रेरी बनाई जाएगी। शहर में रोड लाइटें लगाने और उनकी मरम्मत आदि करने के लिए 52.51 करोड़ रुपए खर्च करने का प्रावधान किया गया है।

मेयर सौम्या गुर्जर के कार्यकाल का यह चौथा बजट है। पिछले 2 साल के बजट को साधारणा सभा की बैठक में न पेश करके आयुक्त के जरिए सीधे सरकार को भिजवाए गए थे। इस बार विशेष बैठक बुलाकर मेयर ने बजट पास करने का निर्णय किया है।

### किस मद में कितने करोड़ होंगे खर्च

| राशि | मद |
| --- | --- |
| 84.94 करोड़ | कर्मचारी वेतन, भत्ते व सुविधाएं |
| 504.53 करोड़ | सड़क, नाली व सीवरेज |
| 7.41 करोड़ | संसाधन खरीद |
| 15.71 करोड़ | फायर सुविधाएं |
| 52.51 करोड़ | रोशनी व रोड लाइट |
| 28.01 करोड़ | गौशाला |
| 23.07 करोड़ | उद्यान |
| 18 करोड़ | उधारी चुकतान |

### सफाईकर्मियों के बच्चों के लिए छात्रवृत्ति का भी प्रावधान

वित्त समिति की बैठक में संशोधित बजट वर्ष 2023-24 व बजट अनुमान वर्ष 2024-25 को स्वीकृति दी गई। इस बार 1189.42 करोड़ का रुपए का बजट प्रावधान किया गया है। निगम प्रशासन ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 1189.42 करोड़ रुपए की आय होने और 1189.42 करोड़ व्यय का प्रावधान किया है। हालांकि, इस बार ई-लाईब्रेरी, निगम सफाई कर्मचारियों के होनहार बच्चों को छात्रवृत्ति का प्रावधान भी बजट में किया गया है। इसके लिए 20 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। इसके लिए भी 20 लाख रुपए का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा निगम कर्मचारियों की दुर्घटना में सहायता मद भी रखा गया है।

## हेरिटेज आयुक्त ने सिविल कार्यों का लिया जायजा



**बेधड़क** | जयपुर

नगर निगम हेरिटेज आयुक्त अभिषेक सुराणा ने बुधवार को हवामहल और किशनपोल जोन के 18 पूर्ण और प्रगतिरत सिविल कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान आयुक्त सुराणा ने अधिशाषी अभियन्ता महेन्द्र सिंह के साथ चौड़ा रास्ता डिवाइडर निर्माण कार्य, छोटी चौपड़ से सरगासूली तक रोड साइड सीमेन्ट कंक्रीट का कार्य और हेरिटेज वार्डों में हो रहे निर्माण कार्यों का जायजा लिया।

आयुक्त सुराणा ने कहा कि सड़क निर्माण के दौरान जिन मेनहोल के ढक्कन सड़क से नीचे हो गए हैं, उन्हें सड़क के लेवल में करवाने, जो सामग्री नाली में चली गई है उन्हें हटवा कर नाली का फ्लो सुचारू करने के निर्देश दिए हैं।

## विनायक शर्मा का किया अभिनंदन



**बेधड़क** | जयपुर

'सच बेधड़क' के फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा का ब्राह्मण समाज विप्र संवाद के राष्ट्रीय संयोजक मनोज पाराशर के नेतृत्व में अभिनंदन किया गया।

पाराशर ने कहा कि विनायक शर्मा के नेतृत्व में 'सच बेधड़क' सामाजिक राजनीति एवं अन्य मुद्दों पर आमजन तक चोबीस घंटे सेवा देकर संपूर्ण समाज के लिए अनुकरणीय पहल कर रहा है, इसके लिए बधाई का पात्र है। इस अवसर पर चायवाला के सीईओ रोहित शर्मा, राजस्थान नर्सिंग एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा और पंडित परशुराम शर्मा ने भी विनायक शर्मा का अभिनंदन किया।

## 25 बीघा भूमि से अवैध निर्माण हटवाया

# नहीं रोका काम तो जेडीए ने तोड़ा

**बेधड़क** | जयपुर

जेडीए ने जोन नौ के देहलाबास, प्रतापनगर में करीब 25 बीघा भूमि पर अनुकम्पा रिसोर्ट कॉलोनी में चल रहे अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। इस संबंध में मुख्य प्रवर्तन नियंत्रक धर्मेन्द्र यादव ने बताया कि बुधवार को जोन-09 के देहलाबास प्रतापनगर में करीब 25 बीघा भूमि पर बनी गैर अनुमोदित अनुकम्पा रिसोर्ट कॉलोनी में अवैध निर्माण किया जा रहा था। प्रवर्तन शाखा ने नोटिस देकर काम रुकवाने के निर्देश दिए। नोटिस के बाद भी काम नहीं रोकने पर बुधवार को प्रवर्तन दस्ते ने ध्वस्त कर दिया। वहीं, न्यू सचिवालय विहार में भूखंड संख्या ए-04 क्षेत्रफल 275 वर्गगज में जेडीए की बिना स्वीकृति और अनुमति के सैटबैक व बिल्डिंग बायलॉज का उल्लंघन कर निर्माण किया जा रहा था। इस पर प्रवर्तन शाखा ने कार्रवाई करते हुए अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया।



## महापौर ने मोती डूंगरी गणेशजी को दिया कार्यक्रम का निमंत्रण

# अल्बर्ट हॉल पर बनाएंगे 'मिनी राम मंदिर'

**बेधड़क** | जयपुर

अयोध्या में 22 जनवरी को होने वाली रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन ही अल्बर्ट हॉल पर मिनी राम मंदिर प्रतिरूप बनेगा। इस कार्यक्रम का महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने बुधवार को प्रथम निमंत्रण मोती डूंगरी गणेशजी को भेंट किया गया।

महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने बताया कि इस अवसर पर ड्रोन शो के माध्यम से राम मंदिर और रामकृति दिखाई जाएगी। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर धर्म फाउंडेशन ट्रस्ट के ट्रस्टी, संस्थापक सुधीर जैन, अध्यक्ष गब्बर कटारा, महासचिव एमएल सोनी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी राम निवास मथुरिया, संस्थापक ट्रस्टी सुभाष गोयल, जयपुर व्यापार महासंघ अध्यक्ष सचिन गुप्ता, जयंती मार्केट अध्यक्ष राजेन्द्र लवण, राजेन्द्र खंडेलवाल, अनीष चौधरी, सीए संजय पाबुवाल आदि मौजूद रहे।



## थानों में दर्ज प्रकरणों की पड़ताल में खुलासा

# जयपुर नॉर्थ और टोंक के लोग करते हैं सबसे ज्यादा ध्वनि प्रदूषण

- ध्वनि प्रदूषण करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई में हुआ खुलासा
- पुलिस तेज आवाज में डीजे-स्पीकर बजाकर ध्वनि प्रदूषण करने वालों के खिलाफ करती है कार्रवाई
- आठ हजार से ज्यादा लोगों के खिलाफ की गई कार्रवाई

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में लोगों की शांति को भंग करने में अजमेर और जयपुर कमिश्नरेट के उत्तर जिले के लोग सबसे ज्यादा है। टोंक और जयपुर नॉर्थ में सबसे ज्यादा ध्वनि प्रदूषण होता है।

हालांकि वर्ष 2023 में राज्य में 15.82 फीसदी ध्वनि प्रदूषण घटा है। यह हकीकत प्रदेश के पुलिस थानों में दर्ज हुए मामलों की पड़ताल में सामने आई है। पुलिस ने गत वर्ष ध्वनि प्रदूषण करने पर 8 हजार 442 मामले दर्ज करके आठ हजार से ज्यादा लोगों के खिलाफ ध्वनि प्रदूषण करने पर कार्रवाई की है, जबकि वर्ष 2022 में पुलिस ने 10 हजार से ज्यादा मामले दर्ज किए थे। थानों में दर्ज मामलों की पड़ताल में सामने आया कि सबसे ज्यादा ध्वनि प्रदूषण के मामले प्रदेश में टोंक में 881 आए हैं। इसके बाद जयपुर नॉर्थ में 611, झालावाड़ में 500, भीलवाड़ा में 338, अजमेर में 267, जयपुर पूर्व में 263 और जयपुर पश्चिम में 260 आए है। लोगों ने तेज आवाज में लाउड स्पीकर, डीजे व हॉर्न बजाकर लोगों की शांति को भंग करने के लिए ध्वनि प्रदूषण किया है। बांसवाड़ा जिले में सबसे ज्यादा 184 फीसदी ध्वनि प्रदूषण के मामले बढ़े हैं, जबकि कोटा शहर में पिछले साल के मुकाबले 80 फीसदी ज्यादा और राजसमंद में 70 फीसदी ध्वनि प्रदूषण के मामले हैं।



### इन जिलों में सबसे कम ध्वनि प्रदूषण

पड़ताल में सामने आया कि प्रदेश में सबसे कम ध्वनि प्रदूषण जोधपुर ग्रामीण, बाड़मेर, जालोर, कोटा शहर और गंगानगर में रहने वाले लोग करते हैं। हालांकि कोटा शहर में साल 2022 की तुलना में वर्ष 2023 में ध्वनि प्रदूषण के मामले बढ़े हैं। जोधपुर ग्रामीण में सबसे ज्यादा ध्वनि प्रदूषण के 70 फीसदी मामले घटे हैं। इसके बाद में करौली में 57 फीसदी, जालोर में 55 फीसदी, हनुमानगढ़ में 45 फीसदी, चित्तौड़गढ़ में 41 फीसदी और चूरू में 40 फीसदी ध्वनि प्रदूषण के मामले घटे हैं।

### पांच साल की सजा का है प्रावधान



पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 की धारा 15 को ध्वनि प्रदूषण (विनियमन एवं नियंत्रण)नियमावली 2000 के नियम 5/6 में संज्ञेय और गैर जमानतीय अपराध माना है। इस अपराध को करने पर पांच वर्ष तक की सजा और एक लाख रुपए तक के जुर्माने का प्रावधान है।

## जरूरी खबर

### सड़क सुरक्षा नियमों को लेकर किया जागरूक



**सीकर।** सड़क सुरक्षा माह के तहत सीकर ट्रैफिक पुलिस की ओर से कल्याण सर्किल पर दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट पहनाए गए। इसके साथ ही चोपहिया वाह चालकों को सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने के लिए प्रेरित किया गया। लायंस गवर्नर ओमप्रकाश ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह के तहत वाहनों को रोकर लोगों को यातायात नियमों के बारे जानकारी देकर उन्हें जागरूक किया गया। ट्रैफिक पुलिस ने बताया कि हर वर्ष सड़क हादसों में सबसे अधिक मौतें युवाओं की होती हैं। इन हादसों की बड़ी वजह लापरवाही है।

### अवैध बूचड़खानों के विरोध में आज निकालेंगे जुलूस

**टोंक।** जिले में चल रहे अवैध बूचड़खानों को ध्वस्त कर उन पर कार्रवाई करने और अपनी मांगों को लेकर अवैध बूचड़खाने हटाओ समिति की ओर से गुरुवार को जुलूस निकाला जाएगा। इसके बाद जिला कलेक्टर को ज्ञापन भी सौंपा जाएगा। उधर समिति इस आंदोलन से जुड़ने के लिए पार्षदों और विभिन्न सामाजिक संगठनों को आग्रह पत्र भी दे रही है। अवैध बूचड़खानों से स्थाई छुटकारा पाने के लिए समिति ने आंदोलन छेड़ रखा है। इसी कड़ी में दोपहर 12 बजे भूतेश्वर महादेव मंदिर सवाई माधोपुर चौराहा से टोंक शहर के लोग जुलूस निकालेंगे। ये जुलूस कलेक्टर कार्यालय तक निकाला जाएगा। यहां पहुंचकर लोग अपनी मांगें कलेक्टर के सामने रखेंगे।

### एसीबी ने रिश्वत लेते एएसआई और दलाल को धरा



**अलवर।** एसीबी टीम ने खैरथल-तिजारा जिले के किशनगढ़बास थाने के एएसआई को बुधवार को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया। आरोपी ने भैंस चोरी का केस नहीं बनाने के एवज में 30 हजार रुपए मांगे थे। परिवादी की शिकायत का सत्यापन करने एसीबी टीम थाने पहुंची। रिश्वत के 30 हजार रुपए लेते ही टीम ने एएसआई धारा सिंह और दलाल लल्लू खां को धर-दबोचा। एएसआई ने रिश्वत की रकम लेकर जैकेट में रख ली थी। वहीं दलाल ने रिश्वत के 5 हजार रुपए लिए थे। दोनों से राशि बरामद कर गिरफ्तार किया।

**ख्वाजा की दरगाह के दीवान आबेदीन ने धर्म प्रमुखों की वार्षिक सभा में कहा...**

# पूर्ण विकसित भारत बनाने के लिए राष्ट्रवाद की भावना जरूरी

**बेधड़क** | अजमेर



ख्वाजा साहेब की दरगाह के आध्यात्मिक प्रमुख दीवान सैयद जैनुल आबेदीन अली खान ने सूफी संत हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के 812वें उर्स के मौके पर दरगाह स्थित खानकाह शरीफ में देशभर की प्रमुख दरगाहों के सज्जादानशिनों सूफियों और धर्म प्रमुखों की वार्षिक सभा को संबोधित किया।

इस दौरान उन्होंने कहा कि आज हमारा देश विकसित भारत, और आत्मनिर्भर भारत बनने कि ओर अग्रसर है। ऐसे में हमारे देश को जात पात की नहीं, राष्ट्रवाद की भावना की जरूरत है। हमें जात पात धर्म से ऊपर उठकर भारत सरकार के साथ मिलकर विकसित भारत और सशक्त भारत का सपना पूरा करने में अपना योगदान देना चाहिए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी विकसित देश की असल ताकत वहां के लोगों में धर्म और जात पात से ज्यादा राष्ट्रवाद की भावना की होती है। आज भारत के बढ़ते प्रभुत्व को पूरी दुनिया मान रही है। हर क्षेत्र में भारत दुनिया के हर देश के बराबर ही नहीं, बल्कि उनसे एक कदम आगे है। चाहे फिर हमारी चंद्रमा पर पहुंचने की उपलब्धि हो या फिर सूरज के रहस्यों को जानने की उपलब्धि हो, आज का भारत हर बड़े देश से आंख में आंख डालकर बात करता है।

### पाकिस्तानी जायरीनों ने पेश की चादर

ख्वाजा साहेब के उर्स में बुधवार को पाकिस्तान सरकार, एंबेसी और वहां से आए 230 जायरीनों की ओर से चादर पेश की गई। पाक जायरीन का दल चादर लेकर नाचते-गाते हुए दरगाह पहुंचा। दरगाह में चादर पेश करने के बाद भारत और पाकिस्तान के मजबूत रिश्तों के लिए दुआ मांगी गई। पाकिस्तान के जायरीन ग्रुप लीडर परवेज इकबाल के नेतृत्व में सुबह 11 बजे पुरानी मंडी स्थित सेंट्रल गर्ल्स स्कूल से चादर लेकर रवाना हुए। पाक सरकार की चादर दरगाह पहुंचने पर खादिम के द्वारा जायरीनों की दस्तारबंदी कर उनका स्वागत किया गया।

### कई राज्यों से आए धर्मगुरु

इस पारंपरिक आयोजन में देश की प्रमुख चिश्तिया सिलसिले की दरगाहों के सज्जादगान व धर्म प्रमुखों ने भाग लिया। इनमें मेहंदी मियां नियाजी बरेली शरीफ, मोहम्मद शब्बीरूल हसन गुलबर्गा शरीफ कर्नाटक, फरीद निजामी दिल्ली, सैयद तुराब अली हलकट्टा शरीफ आंध्र प्रदेश, सैयद जियाउद्दीन दरगाह अमेटा शरीफ गुजरात, बादशाह मियां जियाई जयपुर, सैयद बदरूद्दीन दरबारे बारिया चटगांव बंगलादेश, कर्नाटक गुलबर्गा शरीफ में स्थित ख्वाजा बंदा नवाज गेसू दराज की दरगाह के नायब सज्जादानशीन सैयद यद्दुलाह हसैनी, दरगाह सूफी कमालुद्दीन चिश्ती के सज्जानशीन गुलाम नजमी फारूकी, नागौर शरीफ के पीर अब्दुल बाकी, सहित भागलपुर बिहार, फुलवारी शरीफ यूपी लखनऊ, शफीपुर काकौरी शरीफ, बरेली मुरादाबाद, उत्तराखण्ड प्रदेश से गंगोह शरीफ दरबाह साबिर पाक कलियर, दिल्ली स्थित दरगाह हजरत निजामुद्दीन समेत देशभर के 100 सज्जादगान मौजूद थे।

**वनस्थली विद्यापीठ के 40वें दीक्षांत समारोह में बोले उपराष्ट्रपति**

# भारत की तरक्की से यहां के ही कुछ लोगों का बिगड़ रहा हाजमा

**बेधड़क** | टोंक



जिले के निवाई में बुधवार को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने कहा कि आज भारत की तरक्की देखकर पूरी दुनिया हैरान है, लेकिन हमारे ही कुछ लोगों का इस तरक्की और विकास को देखकर हाजमा बिगड़ रहा है। पहले भाई-भतीजावाद का चलन था, लेकिन अब ऐसा नहीं है।

उपराष्ट्रपति यहां वनस्थली विद्यापीठ के 40वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज कानून से ऊपर कोई नहीं है। अगर कोई मानता था तो उसे आज समझ में आ गया है कि कानून उनसे ऊपर है। उन्होंने कहा कि प्रजातांत्रिक व्यवस्था का कोई मतलब नहीं है, यदि कुछ लोग समझते हैं कि हम लोग कानून से ऊपर है। जब कोई अपने आप को कानून से ऊपर समझता है तो बाकी लोग हताश हो जाते हैं कि ये हमसे अलग क्यों है।

प्रजातांत्रिक व्यवस्था में तो सभी बराबर होते हैं। सभी को कानून के सामने हिसाब देना होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मजबूती से ठान लिया कि प्रजातांत्रिक मूल्यों का इस देश में राज रहेगा। उपराष्ट्रपति ने कहा कि एक जमाना था, युवा प्रतिभाशाली था, लेकिन उसको पता था कि सिफारिश आ गई, भाई-भतीजावाद आ गया, भ्रष्टाचार आ गया, वो पीछे हट जाता था।

अब ऐसा कुछ नहीं है। अब मैं आपको कहकर जा रहा हूं। अब प्रशासन पूरी तरह से पारदर्शी है, उत्तरदायी है, भ्रष्टाचार मुक्त है। जहां इसमें कमी नजर आती है, उस पर कुठाराघात और प्रतिघात होता है। इसीलिए भारत आगे बढ़ता जा रहा है। पहले दुनिया के लोग हमारी क्या चर्चा करते थे कि ये कैसा देश है, गरीबों का देश है, शिक्षा नहीं है, लेकिन आज प्रति व्यक्ति इंटरनेट का यूज दुनिया में सबसे ज्यादा भारत में है।

### चंद्रयान मिशन से दुनिया ने देखी हमारी ताकत

उप राष्ट्रपति ने कहा कि भारत का चंद्रयान-3 वहां उतरा, जहां दुनिया का कोई देश आज तक नहीं उतार पाया। चांद पर तिरंगा पॉइंट, शिवशक्ति पॉइंट निश्चित हो गया। आज के दिन हमारा इसरो अमेरिका, इंग्लैंड, सिंगापुर का सैटेलाइट लॉन्च कर रहा है। चंद्रयान मिशन से पूरी दुनिया ने हमारी ताकत को देखा। समुद्री शक्ति की बात करें तो आईएनएस विक्रांत भारत में बना, हवाई जहाज तेजस भारत में बना। भारत के विकास को देखकर दुनिया अचंभित है। तो फिर अपनों में से कुछ का हाजमा क्यों खराब हो रहा है, और खराब हो तो आपको उसे ठीक करने की आवश्यकता है।

### महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में मिला आरक्षण

उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि तीन दशक तक महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में आरक्षण नहीं मिला। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ये मुमकिन नहीं हुआ तो उत्थान कैसे होगा। 20 और 21 सितंबर 2023 को ये बिल पास हो गया। अब आने वाले चुनाव में लोकसभा और विधानसभा में कम से कम एक तिहाई महिलाएं होंगी। इस दौरान मैंने सोचा कि मुझे भी इसमें कुछ करिश्मा करना चाहिए। 21 सितंबर को राज्यसभा में जब ये बिल आया तो मैंने 17 महिलाओं को मेरी कुर्सी पर बिठाया। सब हतप्रभ रह गए। उस दिन टेबल पर राज्यसभा में काम करने वाली लड़कियां बैठीं।

### आज महिलाएं हर क्षेत्र में आगे

देश में आज महिलाएं हर क्षेत्र में तरक्की कर रहीं हैं। आज फाइटर पायलट महिला है। चंद्रयान-3 मिशन के पीछे 8 महिलाओं का योगदान है। उनमें एक को रॉकेट वुमन कहा जाता है। उन्होंने कहा कि पहले महिला सरपंच, प्रधान, जिला प्रमुख बनती थी तो मीटिंग में सरपंच पति, प्रधान पति, जिला प्रमुख पति जाते थे। अब ऐसा नहीं हो रहा है। यहां की जिला प्रमुख सरोज बंसल यहां बैठी हैं। ये बदलता हुआ भारत है। तक्षशिला, नालंदा प्राचीन भारत में दुनिया के सामने बड़ी मिसाल थे।

### अपनी सांस्कृतिक विरासत को भूले नहीं

उपराष्ट्रपति ने कहा कि जिनको आज डिग्री मिली है, उनको कहूंगा कि आपके प्रयास का ये नतीजा है। जिस टीचर से आप सबसे ज्यादा डरते थे, आप भविष्य में याद रखोगे कि उन्होंने आपको कितना मजबूत बनाया है। उन्होंने कहा कि अपने प्रियजनों और सांस्कृतिक विरासत को मत भूलना। तकनीक के इस युग में बुजुर्ग को समय दीजिए, यह उनके लिए सबसे बड़ी दवाई है।

**आरोपियों को जंगल से पकड़ा**

## चचेरे भाई की कुल्हाड़ी से हत्या, छोटे भाई सहित दो आरोपी गिरफ्तार



**बेधड़क** | उदयपुर

जिले में चचेरे भाई की हत्या के आरोप में पुलिस ने छोटे भाई सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पुलिस की पूछताछ में हत्या का कारण मृतक युवक की ओर से गाली-गलोच करना बताया है। आरोपी ने बताया कि इसके लिए टोकने पर उसके परिवार ने पत्थरबाजी शुरू कर दी। गुस्से में आकर आरोपी युवक ने चचेरे भाई के सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर मौत के घाट उतार दिया।

सराड़ा थानाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि सोमवार शाम को नारायण उर्फ नारु मीणा (45) की उसके ही चचेरे भाई ने कुल्हाड़ी से हमला कर उसकी हत्या कर दी। मामले में मृतक की पत्नी सुमित्रा ने नाथु, विष्णु, जीवा, सागर, नानी और रीना के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करवाया था। पुलिस बुधवार को मृतक के छोटे भाई नाथु उर्फ नाथुलाल पुत्र वैसात मीणा और विष्णु कुमार पुत्र थावरा मीणा को गिरफ्तार किया है। नारु की हत्या के बाद दोनों आरोपी निम्बोदा के जंगल में छिपे हुए थे, बाकी आरोपियों की तलाश की जा रही है। थानाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि दोनों चचेरे भाईयों का मकान आस-पास है। दोनों में आए दिन किसी न किसी बात को लेकर झगड़ा होता रहता था। घटना वाले दिन मृतक नारु नशे में था। इस दौरान उसकी अपने चचेरे भाई से कहासुनी हो गई। इसके बाद दोनों परिवारों के बीच जमकर पत्थरबाजी हुई। विवाद इतना बढ़ गया कि छोटे भाई ने कुल्हाड़ी से बड़े भाई की हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो जंगल की तरफ भाग गए थे। घटना के बाद से क्षेत्र में तनाव के हालात बने हुए थे। मृतक के परिजन और रिश्तेदार आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग पर अड़े थे। माहौल बिगड़ता देख सेमारी और परसाद थाने का अतिरिक्त जाब्ता लगाया गया था।

**लोस अध्यक्ष ने कहा- पीएम ने दिया स्वच्छता का संदेश**

## खड़े गणेश मंदिर में बिरला ने की सफाई

**बेधड़क** | कोटा



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को कोटा के दौरे पर रहे। इस दौरान बिरला ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले सभी धार्मिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाए जाने के कार्यक्रम के तहत सफाई अभियान में हिस्सा लिया।

वहीं, खड़े गणेशजी मंदिर पहुंचे बिरला ने मंदिर परिसर में झाड़ू-पोछा लगाया। साथ ही मंदिर परिसर में मौजूद श्रद्धालुओं से उन्होंने मंदिर से लेकर घर तक स्वच्छता बनाए रखने का आग्रह किया। इस मौके पर बिरला के साथ भाजपा नेता पंकज मेहता, निजी कोचिंग के निदेशक नवीन माहेश्वरी सहित काफी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मंदिर परिसर में मीडियाकर्मियों से रूबरू हुए बिरला ने कहा कि मंदिर और हमारे धार्मिक स्थल स्वच्छ व साफ सुथरे रहने जरूरी हैं, क्योंकि यहां रोजाना सैकड़ों श्रद्धालु दर्शन करने के लिए आते हैं। मंदिर में कुछ चढ़ाते समय प्लास्टिक का उपयोग न करें।

बिरला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश को स्वच्छता के मामले में संदेश दिया है। पीएम मोदी जब गुजरात के सीएम थे, तब से लेकर प्रधानमंत्री बनने तक वो लगातार स्वच्छता पर ध्यान देते रहे हैं।

**राम मंदिर की प्रतिकृति से सजेगा पांडाल, 24 से होगा शुरू**

## हस्तशिल्प उत्सव स्थल का किया भूमि पूजन

**बेधड़क** | जोधपुर



जिला प्रशासन, जिला उद्योग केंद्र, उद्योग प्रोत्साहन संस्थान एवं लघु उद्योग भारती के संयुक्त तत्वावधान में 24 जनवरी से आयोजित होने वाले हस्तशिल्प उत्सव का बुधवार को भूमि पूजन हुआ।

रावण मैदान में आयोजित उत्सव में त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की जाएगी। उत्सव 4 फरवरी तक चलेगा। हस्तशिल्प उत्सव में 15 डोम में 637 स्टॉल्स लगाई जाएगी। सबसे ज्यादा 60 स्टॉल्स ए ब्लॉक में लगाई जाएगी। यहां 160 गुणा 100 फिट का सेंट्रल पंडाल बनाया जाएगा, जहां 6 फुट की लकड़ी से बनी राम मंदिर की प्रतिकृति सजाई जाएगी, जो आगंतुकों के आकर्षण का केंद्र रहेगी। राम थीम पर ही इस बार यह उत्सव आयोजित होगा। बुधवार को भूमि पूजन कार्यक्रम में आयोजन समिति से जुड़े सभी सदस्यों ने मेले के सफलता पूर्वक संपन्न होने की प्रार्थना की। भूमि पूजन होने के साथ ही मेले की तैयारियों को अब अंतिम रूप दिया जा रहा है।

जिला कलेक्टर गौरव अग्रवाल भी भूमि पूजन कार्यक्रम में पहुंचे और उन्होंने मेला आयोजन नोडल एजेंसी लघु उद्योग भारती और जिला उद्योग केंद्र के अधिकारियों के साथ मेले की तैयारी के संबंध में चर्चा की। लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मेला संयोजक घनश्याम ओझा ने बताया कि हस्तशिल्प मेले में एक ही प्रांगण में सभी प्रकार की उत्पाद मिलते हैं और हस्तशिल्पियों एवं छोटे-छोटे आर्टिजन्स को भी अपने उत्पादों की बिक्री का अवसर मिलता है। ओझा ने बताया कि इस बार हमने प्रयास किया है कि मेले में अधिक से अधिक स्टॉल्स छोटे उद्यमियों को आवंटित की जाए ताकि हर प्रकार के हैंडीक्राफ्ट आइटम एवं हस्त निर्मित उत्पाद इस मेले में उपलब्ध हो सके।

**महाराणा प्रताप डबोक एयरपोर्ट परीक्षण के बाद किया शुरू**

# धुंध नहीं डाल सकेगी कोई असर... ILS सिस्टम से होगी सफल लैंडिंग

**बेधड़क** | उदयपुर



सर्दी के मौसम में घने कोहरे और विजिलिटी कम होने के चलते फ्लाइट्स को एयरपोर्ट पर लैंडिंग में कई बार परेशानी का सामना करना पड़ता है, लेकिन अब उदयपुर के महाराणा प्रताप डबोक एयरपोर्ट पर इस समस्या का समाधान कर दिया गया है।

एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने एयरपोर्ट को रन-वे-न्यू कैटेगिरी 1 का इस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम (आईएलएस) से लैस कर दिया है, जिससे कम विजिबिलिटी और घने कोहरे में भी फ्लाइट्स लैंडिंग कर सकेंगी। इससे राजस्थान के यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी। ट्यूरिट सिटी होने के चलते उदयपुर में काफी पर्यटक आते हैं। साथ ही उदयपुर डेस्टिनेशन वेडिंग का सबसे लोकप्रिय स्थान बनता जा रहा है। ऐसे में खराब मौसम में खासकर सर्दियों में कोहरे के चलते फ्लाइट्स को लैंड करवाना मुश्किल होता है। इसके चलते कई बार फ्लाइट्स को जयपुर, अहमदाबाद और सूरत एयरपोर्ट के लिए डायवर्ड करना पड़ता है। डबोक एयरपोर्ट डायरेक्टर योगेश नगाइच ने बताया कि एयरपोर्ट पर अत्याधुनिक आईएलएस सिस्टम 8 जनवरी को लगा दिया गया है। इससे घने कोहरे में भी फ्लाइट्स लैंड कर पाएंगी। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने सोशल मीडिया ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए लिखा कि इस सिस्टम से लैस होने के बाद अब धुंध में हवाई यात्रा बाधित नहीं हो पाएगी।

खबरा मौसम के चलते फ्लाइट्स को डायवर्ट करने से राहत मिलेगी। आईएलएस सिस्टम के लगने से अब विमान 800 से भी कम विजिबिलिटी में भी उतर सकेंगे। इस नए सिस्टम का परीक्षण भी किया गया। इसके विभिन्न मानकों पर खरा उतरने के बाद इसे शुरू कर दिया गया है।

### आईएलएस सिस्टम की ये है खासियत

आईएलएस सिस्टम के साथ ही यहां एंटिना टावर भी लगाया गया है। इससे एयर ट्रैफिक क्षेत्र में पहुंचे विमानों को इलेक्ट्रोनिक प्लेट संपर्क प्रणाली की मदद से लैंडिंग के समय बेहतर दिशा-निर्देश दिए जा सकेंगे। कम विजिबिलिटी होने के बावजूद विमान सुरक्षित लैंड हो सकेंगे। साथ ही विमानों को टेकऑफ होने में भी मदद मिलेगी। नए अपडेट सिस्टम से अब 800 मीटर से कम व 550 मीटर से ज्यादा विजिबिलिटी होने पर भी फ्लाइट्स लैंड होने के साथ ही टेकऑफ प्रक्रिया भी आसानी से होगी।

### ILS सिस्टम से ये मिलती है मदद

इंस्ट्रूमेंट लैंडिंग सिस्टम विमान को स्टीक देखने में सहायता करता है। लैंडिंग के समय पायलट सीधा और सामने से रनवे को देखने-समझने के लिए दो रेडियो बीम का उपयोग करते हैं। लोकलाइजर (एलओसी) मार्गदर्शन करके ब्लाइंड लैंडिंग में सहायता करती है। विजिबिलिटी कम होने के बाद भी फ्लाइट की लैडिंग आसानी हो सकती है।

### हर दिन 2400 यात्री करते हैं सफर

उदयपुर एयरपोर्ट की बात करते तो यहां से हर दिन करीब 20 फ्लाइट्स उड़ान भरती हैं। हर दिन के हिसाब से करीब 2200 यात्री आते हैं और करीब 2400 यहां से रवाना होते हैं। इस समय डबोक एयरपोर्ट को 10 शहरों में उड़ान भरने की परमिशन मिली हुई है। यह शेड्यूल 30 मार्च तक चलेगा। इनमें यहां से दिल्ली, मुंबई, इंदौर, जयपुर, बेंगलूरू, हैदराबाद, अहमदाबाद, सूरत और राजकोट के लिए उड़ानें हैं।

### NTA कर रहा बड़े सब्जेक्ट्स की परीक्षाओं को नए तरीकों से करवाने की मशक्कत

# CUET-UG 2024 इस बार हो सकती है ऑफलाइन मोड में

**बेधड़क** | जयपुर

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) को CUET UG 2024 के लिए यूजी कोर्सेज में दाखिले के लिए होने वाले कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (CUET-UG) को ऑफलाइन मोड में करवाने के संबंध में सुझाव मिले हैं। एक्सपर्टस का मानना है कि ऑफलाइन एग्जाम करवाने की स्थिति में बड़े विषयों की परीक्षाओं में ओएमआर शीट का प्रयोग किया जाना चाहिए। ताकि परीक्षाओं को ज्यादा दिनों और ज्यादा शिफ्टों में ना करवाना पड़े। अब एनटीए की एडवाइजरी कमेटी इस पर फैसला करेगी। जिन एग्जाम्स में उम्मीदवारों की संख्या कम होती है वहां कम्प्यूटर बेस्ड टेस्ट लिया जा सकता है।



### मिल पाएगा CBT का विकल्प

इस साल NTA छात्रों को छह विषयों में आवेदन करने का मौका देगा। इससे हर छात्र करीब तीन से चार मुख्य सब्जेक्ट ले सकता है। हर स्ट्रीम में तीन से चार विषयों का सब्जेक्ट कॉम्बिनेशन तैयार हो सकता है और ऑफलाइन एग्जाम का विकल्प दिया जा सकता है। वहीं, जिन सब्जेक्ट में छात्रों की संख्या कम होती है, उनमें CBT का विकल्प होगा। ऑफलाइन एग्जाम में ज्यादा पेपर सेट करने की भी जरूरत नहीं होगी।



### शहरी के साथ ग्रामीण विद्यार्थी भी उम्मीदवार

गौरतलब है कि कॉलेजों-यूनिवर्सिटी में दाखिले के लिए सिर्फ मेट्रो सिटीज और कस्बों के ही स्टूडेंट्स आवेदन नहीं करते, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों के भी बच्चे होते हैं। CUET को ऑफलाइन मोड में कराने से विद्यार्थियों को अपने नजदीक के क्षेत्र में ही परीक्षा सेंटर्स मिल पाएंगे। इससे ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों की कई तरह की समस्याएं खत्म हो पाएंगी और वे दबावमुक्त हो एग्जाम दे सकेंगे।

### बड़े सब्जेक्ट्स में ओएमआर है काम की

सीयूईटी में हर साल लाखों छात्र आवेदन करते हैं, ऐसे में हरेक के लिए अलग से कम्प्यूटर की जरूरत होती है। यदि एनटीए कंप्यूटर बेस्ड टेस्ट के साथ ही ओएमआर शीट के विकल्प को अपनाए तो अच्छा रहेगा। , बड़े विषयों में OMR का विकल्प रखा जा सकता है।

### बड़ी परीक्षाओं के लिए सुधार के विचार जरूरी

मेडिकल प्रवेश परीक्षा NEET की तरह ही CUET में भी छात्रों की संख्या बढ़ती जा रही है। सीयूईटी के के जरिए प्रवेश लेने वाली यूनिवर्सिटी की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है, ऐसे में अब इसके भी नियमों में संशोधन जरूरी हो गया है। इस वर्ष CUET-UG के लिए 15 मई से 31 मई तक का शेड्यूल तय किया गया है।

## Yuva स्टोरीज



### राजस्थान शिक्षक संघ ने मनाया कर्तव्य बोध पखवाड़ा

**जयपुर।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की उपशाखा, सांगानेर ग्रामीण और सांगानेर शहर के संयुक्त तत्वाधान में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सांगानेर ओल्ड में बुधवार को कर्तव्य बोध पखवाड़े का आयोजन किया गया। हर साल स्वामी विवेकानंद जयंती और सुभाष चंद्र बोस जी जयंती के अवसर पर राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय की ओर से इस पखवाड़े का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता पूर्व जिला समरसता प्रमुख व प्रधानाचार्य कैलाश आर्य तथा विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त उपनिदेशक केदारमल शर्मा थे। आर्य ने शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक समाज व राष्ट्रहित में अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत कर समाज के उत्थान में अपने कर्तव्यों के निर्वहन की जिम्मेदारी का पालन करें। विशिष्ट अतिथि केदारमल शर्मा ने अपने उद्बोधन में राष्ट्र व शिक्षा हित में शिक्षक के समर्पण को रेखांकित किया। इस कार्यक्रम में पर्यवेक्षक जिला जयपुर शहर अध्यक्ष पवन दत्त पांडेय और जिला जयपुर ग्रामीण अध्यक्ष अजय शर्मा उपस्थित रहे। पर्यवेक्षकों ने 19-20 जनवरी को प्रदेश स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन, शिक्षकों की समस्याओं पर बात की। कार्यक्रम का संचालन राजीव कुमार सिन्हा ने किया। इस अवसर पर वरिष्ठ पदाधिकारी अनिल शर्मा , पीयूष कान्त जोशी, उमा शंकर शर्मा, महिला मंत्री सीमा अरोड़ा, कोषाध्यक्ष मनोज छीपा एवं अजीत जैन , शिव राम चौधरी सहित संगठन के अन्य पदाधिकारी गण मौजूद थे।

### कुलपति प्रो. संजीव शर्मा का दुबई में 'फूड फॉर लिवर' पर व्याख्यान



**जयपुर।** साइंस इंडिया फोरम एवं वर्ल्ड आयुर्वेद फाउंडेशन की ओर से दुबई के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में 13- 15 जनवरी तक गैर संचारी रोगों पर अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान जयपुर के कुलपति प्रोफेसर संजीव शर्मा इस कार्यशाला का हिस्सा बने। प्रोफेसर शर्मा ने इस अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला में सेशन को चेयर करने के साथ फूड फॉर लिवर पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि लीवर की खराबी से गैर संचारी रोग जैसे मधुमेह, कैंसर, रक्तचाप एवं अन्य गंभीर बीमारियां हो जाती हैं। स्वस्थ रहने के लिए लीवर का स्वस्थ होना बहुत जरूरी है, लेकिन बदलती जीवन शैली और आहार विहार से लीवर में फैट जमा होने से बीमारियां हो रही हैं और लीवर खराब हो जाता है। आयुर्वेद की दृष्टि से लीवर को कैसे स्वस्थ रखा जाये इसके लिए क्या खाना है, कैसे खाना है, कब और कितना खाना है एवं हमारी रोज की दिनचर्या में क्या परिवर्तन लाया जाए जिससे कि हम स्वस्थ रह सके इस पर चर्चा की गई। कार्यशाला में कई चिकित्सकों ने भाग लिया और स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर चर्चा की।



### गणतंत्र दिवस की झांकी का नेतृत्व करेंगी गौरव चौधरी

**बीकानेर।** लूणकरणसर की बेटी गौरव चौधरी इस बार 26 जनवरी को होने वाली गणतंत्र दिवस की परेड में इलेक्ट्रोनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की झांकी में देश का प्रतिनिधित्व करेंगी। इसके लिए वे पिछले दो साल से मेहनत कर रही थीं। गौरव ने बताया कि झांकी में 11 कलाकार एआई तकनीक का महत्व बताएंगे और परेड की थीम नारी सशक्तिकरण रहेगी। परेड की झांकी में एआई का जीवन में महत्व को दर्शाया जाएगा।

### महिला साइक्लोथॉन रैली का जयपुर में भव्य स्वागत

# दुनिया जीतने निकला 'महिला शक्ति का अभेद्य सफर'

**बेधड़क** | जयपुर

बुधवार को 'महिला शक्ति का अभेद्य सफर साइकिल रैली' का जयपुर पहुंचने पर विजय द्वार कैंटेनमेंट एरिया में भव्य स्वागत किया गया। राजस्थान निदेशालय एनसीसी के उप महानिदेशक एयर कमोडोर सत्येंद्र शर्मा और ग्रुप कमांडर कर्नल वीरेंद्र कुमार ने साइक्लोथॉन साइकिल रैली का फ्लैग इन कराया। कन्याकुमारी से नई दिल्ली तक की इस रैली को 8 दिसंबर 2023 को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया था। एनसीसी आर्मी, एयर तथा नेवी विंग के कैडेट्स ने तालियां बजाते हुए जयकारों के साथ रैली का स्वागत किया। इस अवसर पर राजस्थान निदेशालय और जयपुर ग्रुप के एनसीसी के आलाअधिकारी, स्टाफ, सहयोगी एनसीसी अधिकारी और कैडेट्स उपस्थित थे।




### 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की थीम पर है आयोजन

राष्ट्रीय कैडेट कोर के महानिदेशक के तत्वाधान में मातृशक्ति के प्रति सम्मान और संबल प्रदान करने के उद्देश्य से कन्याकुमारी से दिल्ली तक "महिला शक्ति का अभेद्य सफर साइक्लाथोन रैली" की शुरुआत 8 दिसंबर 2023 को की गई। रैली में गुजरात निदेशालय के वड़ोदरा ग्रुप के ग्रुप कमांडर ब्रिगेडियर नरेंद्र चारग, कर्नल वीएम सिंह के नेतृत्व में 13 एनसीसी गर्ल्स कैडेट्स, 2 स्टाफ आदि भाग ले रहे हैं जो 33 दिनों में 3666 करीब किलोमीटर का सफर तय करेंगे। इस रैली का समापन 28 जनवरी 2024 को प्रधानमंत्री की रैली में होगा। रैली केरल, कर्नाटक ,गोवा, महाराष्ट्र, दमन और दीव, गुजरात से राजस्थान में प्रवेश करते हुए अजमेर से बुधवार साढ़े बारह बजे विजय द्वार कैंटेनमेंट एरिया पहुंची थी।




### महिला सशक्तीकरण है रैली का संदेश

उपमहानिदेशक एयर कमोडोर सत्येंद्र शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि एनसीसी कैडेट्स का मुख्य उद्देश्य महिला सशक्तिकरण है, जिसका लक्ष्य न केवल जागरूकता फैलाना है बल्कि सार्वजनिक स्थानों, जंतर मंतर, हवामहल, अल्बर्ट हॉल म्यूजियम पर नुक्कड़ नाटक के द्वारा आमजन को संदेश भी पहुंचाना है। जिससे समाज में महिलाओं की क्षमताओं के बारे में प्रेरणा मिले। उन्होंने कहा कि भारतीय महिलाओं को बड़े पैमाने पर समाज को सशक्त बनाने लिए एनसीसी की भूमिका महत्वपूर्ण है।

# राज्य स्तरीय कबड्डी चैम्पियनशिप की शुरुआत

**उदयपुर।** जिला कबड्डी संघ की ओर से बुधवार को तीन दिवसीय 49वीं राज्य स्तरीय बालक एवं बालिका जूनियर वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता की शुरूआत हुई। प्रतियोगिता की अध्यक्षता करते हुए विधायक ताराचंद जैन ने कहा कि परम्परागत खेल हमारी पहचान है जिसे बचाए रखने की जिम्मेदारी युवाओं की है। जीत हार कोई मायने नहीं रखती है।




उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति, सभ्यता, विरासत हमारी पहचान है जो विश्व में विख्यात है। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया वे खेलों में अधिक से अधिक भाग लें। अध्यक्ष नाना लालवया ने बताया कि पूरे राजस्थान से महिला वर्ग की 25, पुरूष वर्ग की 30 टीमों के 380 खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में अपना भाग्य अजमा रहे हैं। गुरूवार को राजस्थान कबड्डी संघ के अध्यक्ष तेजस्विनी गहलोत प्रतियोगिता में शिरकत करेंगे। दिनेश भटट्, जालमचंद जैन, बलवीर दिगपाल, श्यामसुंदर शर्मा, कुंदन पण्ड्या, छोगालाल भोई कार्यक्रम में मौजूद रहे।




# रावत स्कूल को मिला 'स्कूल विद एजुकेशनल एक्सीलेंस अवॉर्ड'

**बेधड़क** | जयपुर

रावत पब्लिक स्कूल, प्रताप नगर को जीएसएलसी स्पार्क 2024 में स्कूल विद एजुकेशनल एक्सीलेंस अवार्ड दिया गया। एक समारोह के आयोजन में रावत एजुकेशनल ग्रुप के निदेशक नरेंद्र सिंह रावत को ये अवार्ड जीएसएलसी के फाउंडर और सीईओ पंकज शर्मा, जीएसएलसी के सीबीओ सनी लालवानी और विख्यात शिक्षा विद रमा दत्त ने दिया।

इससे पहले भी नरेंद्र सिंह रावत को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम करने और रावत एजुकेशनल ग्रुप की एक नवीन पहचान बनाने के लिए अनेक अंतर्राष्ट्रीय एवम राष्ट्रीय सम्मान मिल चुके हैं। रावत एजुकेशनल ग्रुप के चेयरमैन बीएस रावत ने स्कूल विद एजुकेशनल एक्सीलेंस अवार्ड हासिल करने की इस सफलता के लिए रावत पब्लिक स्कूल, प्रताप नगर की समस्त टीम को बधाई दी और शुभकामनाएं दी हैं।

रावत पब्लिक स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार करता रहा है, इससे विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में काफी योगदान मिला है। रावत पब्लिक स्कूल को रचनात्मक शिक्षा पद्धति के लिए जाना गया है। यहां का एक्सीलेंट बोर्ड रिजल्ट एवम विद्यार्थियों का बहुमुखी प्रतिभा का धनी होना इसे सबसे अलग बनाता है।

# जीएनएम और एएनएम परीक्षा 3 फरवरी को

**जयपुर।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से नर्स (GNM) और महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता (ANM) भर्ती परीक्षा 4 फरवरी को आयोजित करवाई जाएगी। कृषि पर्यवेक्षक की परीक्षा 4 फरवरी को होगी। बोर्ड ने इन परीक्षाओं का शेड्यूल बुधवार को जारी कर दिया। इन परीक्षाओं के एडमिट कार्ड जनवरी के आखिरी सप्ताह में जारी होंगे।

तीनों भर्ती परीक्षाओं में 2.37 लाख से ज्यादा अभ्यर्थी शामिल होंगे। इन परीक्षाओं में अभ्यर्थियों को प्रत्येक सवाल के जवाब के लिए पहली बार पांच विकल्प मिलेंगे। चार में से कोई ऑप्शन नहीं चुनने पर 5वां ऑप्शन भरना जरूरी होगा और ऐसा नहीं करने पर नेगेटिव मार्किंग की जाएगी। बोर्ड की ओर से यह पांचवां ऑप्शन भरने के लिए 10 मिनट का एक्स्ट्रा टाइम भी दिया जाएगा। अगर कोई अभ्यर्थी जवाब नहीं दिए गए सवालों में से 10 प्रतिशत से अधिक में 5वां ऑप्शन नहीं भरेगा तो उसे अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। गौरतलब है कि एएनएम, जीएनएम और कृषि पर्यवेक्षक भर्ती परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया अक्टूबर से पहले ही पूरी हो गई थी। ANM के लिए 18 हजार 816, GNM के लिए 71 हजार 474 और कृषि पर्यवेक्षक के लिए 1 लाख 47 हजार 41 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है।

**टेक वर्ल्ड** | RTU में हुआ इंजीनियरिंग और टेक्नोलॉजी का अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

# तेजी से बदलती दुनिया में चुनौतियों का सामना करें छात्र

**बेधड़क** | जयपुर

आनन्द इन्टरनेशनल कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग और राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को दो दिवसीय 'फोर्थ इन्टरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन रीसेंट डेवलपमेंट्स इन इंजीनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी' का आयोजन हुआ। एआईसीई में आयोजित प्रोग्राम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. एसके सिंह, आरटीयू कोटा के डीन प्रो. एके द्विवेदी ने किया।



### तकनीक ने दुनिया को हाथों में ला दिया है

कुलपति ने कहा,यह कॉन्फ्रेंस अपने आप में महत्वपूर्ण है तथा यह सभी विद्यार्थियों एवं शोधकर्ताओं को एक वैश्विक मंच उपलब्ध करवाएगी जिससे सभी को अपने लक्ष्य प्राप्त करने में आसानी हो। समय के साथ हुई तकनीकी क्रांति का महत्व बढ़ा है और दुनिया में औद्योगिक क्रांति में तकनीकी का प्रयोग दिनों दिन बढ़ता जा रहा है। पहले के जमाने में और इस 4.0 में बहुत अंतर है, अब ज़िंदगी का मतलब है आगे बढ़ते रहना। तकनीक के युग में आजकल लोग दिल से नहीं, दिमाग से काम लिया करते हैं।

### देश-विदेश के प्रतिनिधियों ने की शिरकत

यह कॉन्फ्रेंस हाइब्रिड मोड में आयोजित की गई जिसमें विश्वभर से ऑनलाइन व ऑफलाइन माध्यम से 200 से अधिक शोधकर्ताओं ने भाग लिया। देश-विदेश के प्रतिभागियों ने अनुभव साझा करते हुए कहा कि इस प्रोग्राम से उच्च शिक्षा व रिसर्च के क्षेत्र में नया आयाम मिलेंगे। प्रो. प्रवीण अग्रवाल ने बताया कि इस दो दिवसीय कॉन्फ्रेंस में 25 देशों से लगभग 300 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। कॉन्फ्रेंस में 100 से ज्यादा रिसर्च पेपर प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में यूके, इजिप्ट, स्पेन, नेपाल, एमएनआईटी व प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों के प्रोफेसरों की ओर से 20 से इन्वाटेड व कीनोट टॉक्स दी गई। कुलपति प्रो. एसके सिंह ने कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि आज के वैश्विक परिदृश्य में, तकनीकी नवाचार पर निरंतर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है जिसके लिए बड़े अनुसंधान और तकनीकी विकास की जरूरत है। जिन्हें समाज के लाभ के लिए दैनिक जीवन में शामिल किया जा सके। उन्होंने कहा कि यह कॉन्फ्रेंस अपने आप में बेहद महत्वपूर्ण है तथा यह सभी विद्यार्थियों एवं शोधकर्ताओं को एक वैश्विक मंच उपलब्ध करवाएगी जिससे सभी को अपने लक्ष्य प्राप्त करने में आसानी होगी साथ ही वह अपनी क्षमता और काम का सही निर्धारण कर पाएंगे। समय के साथ-साथ हुई तकनीकी क्रांति का महत्व बढ़ा है। दुनिया में औद्योगिक क्रांति में तकनीकी का प्रयोग दिनों दिन बढ़ता जा रहा है।

# कृषि नवाचारों को बढ़ावा देता मिशन



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

इसमें कोई दो राय नहीं होनी चाहिए कि लाख औद्योगिक विकास हो गया हो पर कृषि आज भी देश दुनिया की अर्थ व्यवस्था की बैकबोन है। कोरोना के दौर ने कृषि और अन्नदाता की महत्ता को और अधिक उजागर कर दिया है। रुस यूक्रेन युद्ध का उदाहरण हमारे सामने हैं, जिसके कारण गेहूं और चावल के आयात निर्यात से दुनिया के कई देशों को दो चार होना पड़ा। देखा जाए तो कृषि अनुमानों के आधार पर अर्थ व्यवस्था में उतार-चढ़ाव साफ तौर से देखा जा सकता है। दुनिया के देश अन्न संकट को लेकर लगातार चिंतित है तो दूसरी और कुपोषण और भोजन सामग्री की कम उपलब्धता को परेशान है। पर्यावरण संकट के कारण अजिवृष्टि और अनावृष्टि से कृषि उत्पादन प्रभावित हो रहा है। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार दुनिया के देशों में भूमि की उर्वरा शक्ति में भी लगातार कमी होती जा रही है और तेजी से बंजर होती भूमि चिंता का एक ओर कारण बनती जा रही है।

दरअसल, हमारे देश में पंजाब, हरियाणा आदि प्रदेशों में उत्पादन सेचुरेशन की ओर है तो पानी के अत्यधिक दोहन से भूमिगत जल रसातल में जाता जा रहा है तो उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग के कारण भूमि की उर्वरा शक्ति प्रभावित होने के साथ ही पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य दोनों पर असर पड़ रहा है। दूसरी और बढ़ती महंगाई का असर खेती पर भी देखा जा सकता है। किसानों की आय बढ़ने के लाख दावों के बावजूद इस बात से कोई इनकार नहीं कर सकता कि आम अन्नदाता के लिए खेती लाभ का सौदा नहीं थी और ना ही आज है। बल्कि यह कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी कि भविष्य में भी आम किसान के लिए खेती लाभ का सौदा होगी यह स्वप्न ही दिखाई देता है। दरअसल, अच्छी पैदावार के बावजूद भी बिचौलियों या बाजार ताकतों के हाथों में ही किसानों का भविष्य दिखाई दे रहा है। इसमें कोई दो राय नहीं कि सरकार द्वारा खेती में दीर्घकालीन सुधार, उपज में बढ़ोतरी और आय में बढ़ोतरी के लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। कृषि विश्वविद्यालयों और महाविद्यालायों की प्रयोगशालाओं में नित नए प्रयोग हो रहे हैं और उससे उन्नत व अधिक उपज वाली किस्म के बीज प्राप्त होने लगे हैं। किसानों के लिए सरकार द्वारा आधारभूत सुविधाओं का भी विस्तार किया गया है। एक सीमा तक एमएसपी का लाभ भी दिया जा रहा है पर इन सब के बावजूद किसानों की माली हालत को लेकर जिस तरह से चुनावों के समय राजनीतिक दलों की चिंता देखी जाती है, उससे लगता है कि वास्तव में किसानों की हालात को लेकर सरकारों को चिंता है। हालांकि इसकी हद ऋण माफी पर समाप्त होती है, जिसको लेकर लंबी बहस हो सकती है।

> “हमारे देश में पंजाब, हरियाणा आदि प्रदेशों में उत्पादन सेचुरेशन की और है तो पानी के अत्यधिक दोहन से भूमिगत जल रसातल में जाता जा रहा है तो उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग के कारण भूमि की उर्वरा शक्ति प्रभावित होने के साथ ही पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य दोनों पर असर पड़ रहा है। दूसरी और बढ़ती महंगाई का असर खेती पर भी देखा जा सकता है।”

खेती को लेकर एक सकारात्मक पक्ष यह है कि देश के कोने-कोने में नवाचारी प्रयोगधर्मी किसान भी है जो खेत को ही प्रयोगशाला बनाकर खेती में उन्नत तकनीक, उन्नत बीज, उन्नत उपकरण आदि सामने ला रहे हैं जिसे किसी विश्वविद्यालय की प्रयोगशाला से कमतर नहीं कहा या माना जा सकता है। एक सकारात्मक बात यह है कि राजस्थान के डॉ. महेन्द्र मधुप कृषि पत्रकारिता से जुड़े होने के साथ ही मिशन फार्मर साइंटिस्ट परिवार के माध्यम से ऐसे नवाचारी प्रयोगधर्मी किसानों को सामने लाने का प्रयास किया है। सकारात्मक प्रयास यह भी है कि इनके अनुभवों व प्रयोगों को परस्पर साझा कराने की भी कोशिश की है। अपनी प्रयोगधर्मी अन्वेषी किसानों के प्रयोगों को मंच प्रदान करने में आगे रहे हैं। अपनी चार पुस्तकों के माध्यम से ऐसे अन्वेषी किसानों के प्रयोगों को एक जिल्द में समेट कर देश दुनिया के सामने रखा है। दरअसल, मिशन फार्मर साइंटिस्ट परिवार के मुखिया डॉ. महेन्द्र मधुप पिछली आधी सदी से प्रत्यक्ष रुप से किसानों से जुड़े हुए हैं। संभवतः देश के सभी प्रयोगधर्मी किसानों से डॉ. मधुप ने संवाद कायम किया है और एक दूसरे के अनुभवों को साझा कराने के सकारात्मक प्रयास किए हैं। करीब आधी सदी से कृषि क्षेत्र से गहन जुड़ाव, कृषि पत्रकारिता और विदेश यात्राओं में खेती किसानी के अध्ययन से समझ में आने लगा कि नींव में ही ‘खोट’ रह गई। विदेशों में कृषक संचालित कृषि उद्योग (कृषि उत्पादन, मूल्य संवर्धन और बिक्री) प्रभावी हैं, जबकि भारत में यह व्यवस्था कृषक समुदाय में नगण्य है। 2017 से इस मॉडल को किसान वैज्ञानिकों की जीवनशैली में उतारकर, देश-विदेश में उनकी पहचान के विस्तार की कोशिश ‘मिशन फार्मर साइंटिस्ट परिवार’ के जरिए की। आज मिशन फार्मर साइंटिस्ट सीमाओं में बंधा नहीं है, अपितु समूचे देश मे पहचान बना चुका है।

आज देश में मिशन फार्मर साइंटिस्ट परिवार जैसे गैरसरकारी संगठनों की आवश्यकता है जो खेत को ही प्रयोगशाला बनाकर नित नए प्रयोग कर रहे हैं उन्हें आगे ला सकें और उनके प्रयोगों से अन्य काश्तकारों को लाभ दिला सके। इन गुदड़ी के लालों को आगे लाने का प्रयास ऐसे ही संगठन कर सकते हैं। आज इसकी सबसे अधिक आवश्यकता हो गई है। सरकारों को भी ऐसे संगठनों को आगे लाने और प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि सरकार के साथ ही इस क्षेत्र में कार्य कर रहे गैरसरकारी संगठन अन्नदाता के काम आ सके।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## 18 जनवरी, अफसाना निगार सआदत हसन मंटो का स्मृति दिवस

# बंटवारे से आखिर, उन्हें क्या हासिल हुआ!



ज़ाहिद ख़ान
स्वतंत्र टिप्पणीकार

> “मंटो ने कहानी का जो अंत किया, वह अविस्मरणीय है। एक दम क्लासिक। अपने अंत से कहानी ऐसे कई सवाल छोड़ जाती है, जो अब भी अनुत्तरित हैं। टोबा टेकसिंह आज भी हमारे नीति नियंताओं, हुक्मरानों से यह सवाल पूछ रहा है कि बंटवारे से आखिर उन्हें क्या हासिल हुआ? सत्ता की हवस में उन्होंने जो फैसला किया, वह सही था या गलत? “देखो, टोबा टेकसिंह अब हिन्दुस्तान में चला गया है, यदि नहीं गया है तो उसे तुरन्त ही भेज दिया जाएगा” किन्तु वह नहीं माना।”

सआदत हसन मंटो, हिंद उपमहाद्वीप के बेमिसाल अफसाना निगार थे। प्रेमचंद के बाद मंटो ही ऐसे दूसरे रचनाकार हैं, जिनकी रचनाएं आज भी पाठकों को ध्यान अपनी ओर खींचती हैं।



 सच बात तो यह है कि मंटो की मौत के आधी सदी से ज्यादा गुजर जाने के बाद भी, उर्दू में उन जैसा कोई दूसरा अफसाना निगार पैदा नहीं हुआ। तैंतालीस साल की छोटी सी जिंदगानी में उन्होंने जी भरकर लिखा। लिखना उनका जुनून था और जीने का सहारा भी। मंटो एक जगह खुद लिखते हैं,‘मैं अफसाना नहीं लिखता, हकीकत यह है कि अफसाना मुझे लिखता है।’ इसके बिना वे जिंदा रह भी नहीं सकते थे। उन्होंने जो भी लिखा, वह आज उर्दू अदब का नायाब सरमाया है। मंटो का लिखा उनकी मौत के इतने साल बाद भी भारतीय उपमहाद्वीप के करोड़ों लोगों के जहन में जिंदा है। हिंदुस्तान के बंटवारे पर मंटो ने कई यादगार कहानियां, लघु कथाएं लिखीं, लेकिन उनकी कहानी ‘टोबा टेकसिंह’ का कोई दूसरा जवाब नहीं। ‘टोबा टेकसिंह’ में मंटो ने तक़सीम की जो त्रासदी दिखाई है, वह अकल्पनीय है। विभाजन का ऐसा रूपक, हिंदी-उर्दू के किसी दूसरे अफसाने में बामुश्किल ही हमें देखने को मिलता है। ‘टोबा टेकसिंह’ मंटो का मास्टरपीस है। मंटो ने यदि इतना साहित्य न लिखा होता, सिर्फ ‘टोबा टेकसिंह’ ही लिखा होता, तो वे इस अफसाने के बिना पर ही हिंदी-उर्दू अदब में हमेशा के लिए जिंदा रहते। उन्हें ‘टोबा टेकसिंह’ के लिए ही याद किया जाता।

‘टोबा टेकसिंह’ किरदार को मंटो ने अपने खून-ए-जिगर से लिखा है। बंटवारे से मंटो खुद भी मुतअस्सिर हुए थे। वे भारत छोड़कर, पाकिस्तान नहीं जाना चाहते थे, लेकिन हालात कुछ ऐसे बने कि उन्हें भारत छोड़ना पड़ा। वे पाकिस्तान चले गए, पर उनका दिल हिन्दुस्तान में ही रहा। अमेरिकी राष्ट्रपति ‘चचा साम’ के नाम लिखे, अपने पहले खत में मंटो अपने दिल का दर्द कुछ इस तरह बयां करते हैं,‘मेरा मुल्क कटकर आजाद हुआ, उसी तरह मैं कटकर आजाद हुआ और चचाजान, यह बात तो आप जैसे हमादान आलिम (सर्वगुण संपन्न) से छिपी हुई नहीं होना चाहिए कि जिस परिंदे को पर काटकर आजाद किया जाएगा, उसकी आजादी कैसी होगी?'' (पेज-319, पहला खत, सआदत हसन मंटो-दस्तावेज 4) पाकिस्तान जाने के बाद, मंटो सिर्फ सात साल और जिंदा रहे। 18 जनवरी, 1955 को लाहौर में उनका इंतकाल हो गया। मंटो जिस्मानी तौर पर भले ही पाकिस्तान चले गए, मगर उनकी रूह हिंदुस्तान के ही फिल्मी और अदबी हल्के में भटकती रही।

मंटो ने कहानी ‘टोबा टेकसिंह’ का कालक्रम बंटवारे के दो-तीन साल बाद यानी 1949-50 का बताया है। कहानी की शुरुआत कुछ इस तरह होती है,‘बंटवारे के दो-तीन साल बाद पाकिस्तान और हिंदुस्तान की सरकारों को खयाल आया कि साधारण कैदियों की तरह पागलों का भी तबादला होना चाहिए। यानी जो मुसलमान पागल हिंदुस्तान के पागलखानों में हैं, उन्हें पाकिस्तान पहुंचा दिया जाए और जो हिन्दू और सिख पाकिस्तान के पागलखानों में हैं, उन्हें हिंदुस्तान के हवाले कर दिया जाए।’ कहानी का ये प्रस्थान बिंदु है और यहीं से कथानक विस्तार लेता है। मंटो लाहौर के एक पागलखाने और उसमें बंद पागलों की मानसिक दशा का वर्णन करते हुए, अपनी कहानी के अहम किरदार बिशन सिंह उर्फ टोबा टेकसिंह पर पहुंचते हैं। टोबा टेकसिंह बीते पन्द्रह साल से इस पागलखाने में कैद है। उसकी मानसिक अवस्था अजब है। वह ज्यादा कुछ बोलता नहीं।” हर समय उसकी ज़बान से अजीब-ओ-गरीब अल्फाज सुनने में आते थे,‘ओ पड़ दी गिड़-गिड़ दी एक्स दी बेध्याना दी मूंग दी दाल आफ दी लालटेन’ बिशन सिंह उर्फ टोबा टेकसिंह की जेहनी हालत भले ही ठीक न हो, लेकिन जब उसे ये मालूम चलता है कि उसे अपने मुल्क यानी टोबा टेकसिंह, जिस जगह वह पला-बढ़ा से दूर कर दिया जाएगा। तो वह जाने से इंकार कर देता है। बंटवारे का यह खयाल उसे अजीब लगता है। टोबा टेकसिंह को ही नहीं, पागलखाने में कैद दीगर पागलों को भी यह बात जरा भी समझ में नहीं आती कि ‘वे पाकिस्तान में हैं या हिन्दुस्तान में। अगर हिन्दुस्तान में हैं, तो पाकिस्तान कहां है? और अगर वे पाकिस्तान में हैं, तो यह कैसे हो सकता है कि वे कुछ अर्सा पहले यहां रहते हुए भी हिन्दुस्तान में थे।’

‘किसी को भी मालूम नहीं था कि वह पाकिस्तान में हैं या हिन्दुस्तान में। जो बताने की कोशिश करते थे, खुद इस उलझन में फंस जाते थे कि सियालकोट पहले हिन्दुस्तान में होता था, पर अब सुना है कि पाकिस्तान में है। क्या पता कि लाहौर जो अब पाकिस्तान में है, कल हिन्दुस्तान में चला जाएगा या सारा हिन्दुस्तान ही पाकिस्तान बन जाएगा और यह भी कौन सीने पर हाथ रखकर यह कह सकता है कि हिन्दुस्तान और पाकिस्तान दोनों किसी दिन सिरे से गायब न हो जाएंगे।’ पागलखाने में यह ऊहापोह की स्थिति सिर्फ पागलों के दिमाग में ही नहीं चल रही थी, बल्कि उस वक्त यह मानसिक दशा उन लाखों-लाख लोगों की थी, जो देखते-देखते अपनी जड़ों से दूर कर दिए गए थे। मजहब की बुनियाद पर कुछ लोग जबरन पाकिस्तान खदेड़ दिए गए, तो कुछ लोग हिन्दुस्तान। बंटवारे का दर्द कुछ ऐसा कि अपने ही मुल्क में पराए हो गए। पागलखाने में बंद पागल भी यह बात मानने को बिल्कुल तैयार नहीं कि उनके मुल्क का बंटवारा हो गया है।

मंटो ने बंटवारे का दर्द खुद सहा था। वे जानते थे कि बंटवारे के जख्म कैसे होते हैं? लिहाजा उनकी इस कहानी में बंटवारे का दर्द पूरी शिद्दत के साथ आया है। मंटो मुल्क के बंटवारे से इत्तेफाक नहीं रखते थे। वे इसके खिलाफ थे, लेकिन किस्मत के आगे मजबूर। मंटो और उनके जैसे करोड़ों लोगों की नियति का फैसला, चंद लोगों ने मिलकर रातों-रात कर दिया था और वे इस फैसले को मानने को मजबूर थे। बंटवारे के खिलाफ उनका गुस्सा कहानी के कई प्रसंगों में देखा जा सकता है। कई मार्मिक प्रसंगों और छोटे-छोटे संवादों के जरिए मंटो कहानी में बंटवारे और उसके बाद की परिस्थितियों का पूरा खाका खींच कर रख देते हैं। कहानी में घट रही, हर बात और संवादों का एक अलग ही अर्थ है। बंटवारे से सारी इंसानियत लहूलुहान है, लेकिन दोनों ही हुकूमतों को इसकी जरा-सी भी परवाह नहीं। वे संवेदनहीन बनी हुई हैं। इस हद तक कि साधारण कैदियों की तरह वे पागलों का भी तबादला करना चाहती हैं। सत्ता का अमानवीय चेहरा, जो पागलों का भी बंटवारा करना चाहती है। हिंदू पागल हिन्दुस्तान जाएं और मुसलमान पागल पाकिस्तान। हुकूमतों के इस तुगलकी फरमान को पागलों को भी मानना होगा। टोबा टेकसिंह को यह बात मंजूर नहीं। वह नहीं चाहता कि उसे अपने मुल्क टोबा टेकसिंह से दूर कर दिया जाए। उसके लिए हिंदुस्तान-पाकिस्तान के कोई मायने नहीं। उसकी जन्मभूमि और कर्मभूमि ही उसका मुल्क है। वह ऐसे बंटवारे के खिलाफ है, जो उसे उसकी जमीन से बेदखल करे। उसे जब पत चलता है कि उसे जबरदस्ती उसके गांव टोबा टेकसिंह से दूर हिन्दुस्तान भेजा जा रहा है, तो वह जाने से इनकार कर देता है। कहानी का यह अंत अविस्मरणीय है। एक दम क्लासिक, जो कई सवाल छोड़ गया।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# जिधर दम उधर हम...



राजेंद्र बज
व्यंग्यकार

यदि हम जीवन में पूर्ण रूप से सुरक्षित तरीके के साथ आगे बढ़ना चाहते हैं, तो “जिधर दम उधर हम” के ध्येय वाक्य को आत्मसात कर लेना चाहिए। इधर-उधर मत देखो, राजनीति को ही देखो तो इसमें ऐसा ही तो होता है। जब दम के साथ हम होंगे, तब किसी भी परिस्थिति में बेदम नहीं हो सकेंगे। आज के इस घोर प्रतिस्पर्धात्मक युग में अपना विकेट बचाते हुए चौकों-छक्कों की बरसात करने का यही एक माध्यम है। कहने को तो देश की राजनीति में आयाराम गयाराम की परंपरा को काफी हद तक कानूनी रूप से नियंत्रण में कर लिया गया है। लेकिन जैसा कि कहा जाता है कि एक कानून बनता है तो दस गलियां बचाव की निकाल ली जाती है। ऐसा ही हुआ भी, चाहे थोड़ा फेरबदल करके हुआ हो- लेकिन हुआ जरूर है।

वैसे भी क्षणभंगुर मानव जीवन में एक सांस खींची है तो उसे छोड़ पाएंगे या नहीं - एक सांस छोड़ी है तो वापस खींच पाएंगे या नहीं ? यह सब विधि के विधान के अधीन है। ऐसे में सक्रिय राजनीति करते हुए एक ही खूंटे से बंधे रहकर कब तक अपनी बारी का इंतजार किया जाए? इसलिए समझदारी इसी में है कि समय रहते समझदारी से काम लिया जाए। ममता जी को ही देखो, ऐन वक्त पर उनके लोग किनारा कर गए। जब वे सत्ता में आई तो सुबह के भूले शाम को घर आने की तैयारी में मशगूल हो गए। दरअसल बंगाल ही नहीं हर एक सूबे में लगभग यही हाल हैं। बीते दौर में तो एक राज्य सरकार रातों-रात इस दल की सरकार से उस दल की सरकार हो गई थी। वह दौर राजनीति में “आयाराम-गयाराम” का स्वर्णिम युग था।

हालांकि कालांतर में इस पर रोक जरूर लगी, लेकिन बिना रोक-टोक पिछले दरवाजे से आयाराम गयाराम का सिलसिला विस्तार पाता गया। ऐसा नहीं है कि इधर से उधर या उधर से इधर होना, अपनी निष्ठा को बदलने का सूचक होता है। कारण स्पष्ट है कि जब व्यापक जनहित के प्रति समर्पित भूमिका के निर्वहन करने का संकल्प धार लिया जाता है, तो इस संकल्प को पूरा करने हेतु दल की प्राथमिकता अपने स्वयं के विवेक पर निर्भर होती है। जाहिर है कि हमारा विवेक अपने अच्छे-बुरे का खयाल रखते हुए ही काम किया करता है। इस दृष्टि से इधर से उधर या उधर से इधर होना हमारा मूलभूत अधिकार होता है। सीधी सी बात है कि जब तक हम अपने स्वर्णिम भविष्य के प्रति निश्चिंत नहीं हो सकते, तब तक आखिर जनहित के प्रति समर्पित भूमिका का निर्वहन किस प्रकार कर सकेंगे ?

दरअसल बात केवल राजनीति की ही नहीं, जीवन के हर क्षेत्र में हमें दमदारी से खड़े होने हेतु दम के साथ होना जरूरी होता है। राजनीति में दम से आशय “सत्ता का साथ” होता है। वैसे कभी-कभी ऐसी भी परिस्थितियां उत्पन्न हो जाती है कि जिस दल के हाथ सत्ता के सूत्र लगने वाले हो, उससे राखी-ताखा कर लिया जाए। वास्तव में जो कुछ राजनीतिक घटनाक्रम में होता है, वही कहीं आंशिक तो कहीं पूर्ण रूप से हमारे व्यावहारिक जीवन पर भी असरकारी सिद्ध होता है। दफ्तर में बांस के साथ खड़ा होना, समाज में बड़े गुट से जुड़ना, मोहल्ले में दमदरों की संगत में रहना और धनवान से नाता रखना, यही बेहतर जीवन का मार्ग प्रशस्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया करते हैं। उदाहरण के लिए प्रतीक स्वरूप बात राजनीति की कही गई है। लेकिन यह सौ फ़ीसदी सही है कि राजनीति तो अत्र-तत्र-सर्वत्र व्याप्त हो चली है।

## नॉलेज कॉर्नर: आधुनिक हथियार और अंतरिक्ष में अपनी धाक जमाने की होड़

# मिसाइल और स्पेस रॉकेट में से कौन तेज!

आज पूरी दुनिया में आधुनिक हथियार और अंतरिक्ष में अपनी धाक जमाने की होड़ मची है। दुनियाभर के मुल्क अपनी शक्ति को बढ़ाने के लिए नई-नई तकनीक से हथियारों का निर्माण कर रहे हैं। आज दुनिया में कई देशों के पास अपनी खुद की मिसाइल है। वहीं कई देश अंतरिक्ष तक पहुंच चुके हैं। इसके लिए एडवांस टेक्नोलोजी से रॉकेट बनाए जा रहे हैं। अंतरिक्ष में अपनी कई खोजों और उद्देश्यों को पूरा करने के लिए या किसी युद्ध के दौरान रॉकेट या मिसाइलों का उपयोग किया जा रहा हैं। जो बहुत ही तेजी से अपने लक्ष्य को पूरा करते हैं। हाल ही में अंतरिक्ष में या रूस यूक्रेन युद्ध में मिसाइल और रॉकेट का भी इस्तेमाल किया गया है, लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि रॉकेट और मिसाइल में से सबसे तेज क्या होता है और कैसे चलता है। यदि आप नहीं कहने वाले हैं तो चलिए आज पता करते हैं।

### दुनिया की 5 सबसे तेज मिसाइलें

मिसाइलों की स्पीड हमेशा से अहम फैक्टर रही हैं। हर देश अधिकतम स्पीड पर उड़ने वाली मिसाइलों को बनाने में जुटा है। वर्तमान में भी पूरी दुनिया में कई ऐसी मिसाइलें हैं, जिनकी स्पीड का कोई मुकाबला नहीं है। रूस की एवनगार्ड मैक 27 या 32200 किलोमीटर प्रति घंटे तक की गति तक पहुंचने में सक्षम है। इसकी रेंज 6000 किमी से भी ज्यादा है। चीन की डीएफ-41 मिसाइल मैक 25 या लगभग 30,600 किलोमीटर प्रति घंटे की गति तक पहुंचने में सक्षम है।



इसकी रेंज 12,000-15,000 किमी तक है। वहीं ट्राइडेंट-2 मैक 24 से अधिक या लगभग 29,654 किलोमीटर प्रति घंटे की गति तक पहुंचने में सक्षम है। इसकी रेंज 12000 किमी है। यह परमाणु मिसाइल साल 1990 से अमेरिकी और ब्रिटिश नौसेना में तैनात हैं। मिनटमैन-3 एक इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल है।

### रॉकेट या मिसाइल की गति डिजाइन पर डिपेंड

रॉकेट या मिसाइल की गति उनके विशेष डिजाइन और उसके उद्देश्य पर निर्भर करती है। अमूमन मिसाइलों को अपने लक्ष्य तक जल्दी पहुंचाने के लिए उच्च गति के लिए डिजाइन किया जाता है, वहीं रॉकेट भी बहुत तेज गति तक पहुंच सकते हैं, खासकर जब उनका उपयोग अंतरिक्ष में किया जाता है। साफतौर पर कहें तो रॉकेट और मिसाइल की गति उनके डिजाइन और इसपर निर्भर करती है कि उसका उपयोग किस उद्देश्य को पूरा करने के लिए किया जा रहा है। अब आप जब भी रॉकेट या मिसाइल के बारे में सुनेंगे तो उस समय आप इस बात का आसानी से अंदाजा लगा सकते हैं कि जिस बारे में आप पढ़ या सुन रहे हैं वो रॉकेट था या मिसाइल या उसने किस प्रकार काम किया होगा।

**मिसाइल एक मार्गदर्शक प्रणाली**

*मिसाइल एक मार्गदर्शक प्रणाली होती है। यानी लॉन्च होने के बाद इसके लक्ष्य को बदला भी जा सकता है, लेकिन रॉकेट आग लगाओ और भूल जाओ, बदलाव संभव नहीं यानी रॉकेट को एक बार लक्ष्य की ओर भेजे जाने के बाद उसका लक्ष्य नहीं बदला जा सकता।*

*कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन*



**राहुल गांधी**, कांग्रेस नेता
@RahulGandhi
9 साल पहले प्रधानमंत्री ने नागा एकॉर्ड को लेकर जनता से कुछ वायदे किए थे।
ये शर्म की बात है कि आज तक उस दिशा में एक भी सकारात्मक कदम नहीं बढ़ाया गया।
अगर आपके पास नागालैंड की समस्याओं का कोई समाधान नहीं है, तो यहां के लोगों से झूठ बोलने का आपको कोई अधिकार नहीं है।



**जगदीश वासुदेव**, योग गुरु
@SadhguruJV
एक दिन धरती तुम्हारा उपभोग कर लेगी। आप जो उपभोग करते हैं वह यह तय करता है कि आप कब उपभोग उपभोग किए जाएंगे।

**बिहार: सीटों के बंटवारे पर गरमाई सियासत,** चल रहा है अपने-अपने हिसाब से दावेदारी का दौर

# राजद व जदयू में अभी नहीं बन पाई सहमति, 10 सीटों पर फंसा है पेच!

**एजेंसी** | पटना

बिहार में सत्तारूढ़ महागठबंधन में शामिल पार्टियों के बीच लोकसभा चुनाव को लेकर सीटों के बंटवारे पर सियासत गर्माई हुई है। सभी पार्टियां अपने अपने हिसाब से सीटों पर दावा कर रही हैं।

इस बीच राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव ने बुधवार को सीटों के बंटवारे को लेकर पत्रकारों के एक सवाल के जवाब में कहा कि इतना जल्दी हो जाता है क्या।

भीतर में सब हो रहा है। उनकी इस टिप्पणी को लेकर यह कयास लगाए जा रहे हैं कि दोनों प्रमुख पार्टियां राजद व जदयू अभी सीटों के बंटवारे पर फंसे पेच को नहीं सुलझा पाई हैं।

ज्ञात रहे कि मकर संक्रांति के दिन मुख्यमंत्री व जदयू प्रमुख नीतीश कुमार लालू यादव के निवास पर पहुंचे थे और दोनों नेताओं की मुलाकात हुई थी।

इस सवाल पर कि कहा जा रहा है कि सीएम नीतीश कुमार नाराज चल रहे हैं, आपने मकर संक्रांति पर इस बार उनको टीका नहीं लगाया। इस पर लालू यादव ने कहा कि यह सब अलग बात है। सूत्रों के अनुसार दोनों पार्टियों के बीच 10 सीटों को लेकर तकरार है।





### कांग्रेस नेताओं की सीएम नीतीश से मुलाकात

सीएम नीतीश कुमार के आवास पर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह और पार्टी के विधायक दल के नेता शकील अहमद खान बुधवार को बातचीत के लिए पहुंचे थे। इस बैठक में जेडीयू की तरफ से बिहार सरकार में मंत्री विजय कुमार चौधरी और मंत्री संजय झा मौजूद रहे। बताया जा रहा है कि कांग्रेस नेता सीट शेयरिंग पर पार्टी हाइकमान का संदेश लेकर नीतीश से मिले थे।

### बिहार में लोकसभा की कुल 40 सीटें

बिहार में लोकसभा की कुल 40 सीटें हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, राजद और जदयू 17-17 सीटों पर चुनाव लड़ सकती है। पांच सीट पर कांग्रेस और एक सीट पर वामपंथी पार्टियां उम्मीदवार उतार सकती है। दावा किया जा रहा है कि सीटों की संख्या को लेकर घटक दलों में सहमति बन गई है, लेकिन किस सीट से कौन चुनाव लड़ेगा, इस पर पेच फंसा हुआ है। बताया जा रहा है कि इसी को लेकर जेडीयू और आरजेडी में तनातनी है। खासकर 10 सीटों पर दोनों पार्टियों में तकरार है।

### इन सीटों पर नहीं हो रही है सहमति

बिहार की जिन 10 सीटों पर तकरार है, उनमें नवादा, जहानाबाद, जमुई, बांका, भागलपुर, बक्सर, बेगूसराय, सीतामढ़ी और हाजीपुर सीट है। ये ऐसी सीटें हैं, जहां से एलजेपी या भाजपा के सांसद हैं। कुछ जगहों पर जेडीयू के भी सांसद हैं। राजद का दावा है कि इन सभी सीटों पर उसका दबदबा रहा है। इन 10 सीटों में सीतामढ़ी, जहानाबाद, गोपालगंज, भागलपुर और बांका ऐसी सीटें हैं, जहां से मौजूदा समय में जदयू का कब्जा है।

### अखिलेश पर जमकर बरसे ओमप्रकाश राजभर



**लखनऊ।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (एसबीएसपी) के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव धोखा देने में माहिर हैं। उन्होंने दो बार मायावती को धोखा दिया, दो बार कांग्रेस को धोखा दिया, राष्ट्रीय लोक दल को दो बार धोखा दिया, निषाद पार्टी का धोखा दिया और ओमप्रकाश राजभर को धोखा दिया। पिछले लोकसभा चुनाव में अगर मायावती की पार्टी के साथ गठबंधन नहीं किया होता तो सपा का खाता भी नहीं खुल पाता। ओमप्रकाश राजभर ने एक टीवी चैनल के साथ बातचीत में कहा कि कहा, मैं ऐसा मानता हूं कि पहले भारत कृषि प्रधान देश था।

### किसी भी पार्टी में शामिल होने में रुचि नहीं: शर्मिष्ठा

**नई दिल्ली।** पूर्व राष्ट्रपति दिवंगत प्रणब मुखर्जी ने स्पष्ट किया है कि उनकी भाजपा या किसी दूसरी पार्टी में शामिल होने में कोई रुचि नहीं है। गत दिनों शर्मिष्ठा ने पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी और उनको अपनी पुस्तक 'प्रणब माई फादरः ए डॉटर रिमेम्बर्स' भेंट की थी। इसके बाद से ही यह अटकलें लगाई जाने लगी कि वह भाजपा में शामिल हो सकती हैं। शर्मिष्ठा से सोशल मीडिया एक्स पर सवाल किया गया कि क्या आप बीजेपी में शामिल होंगी? इस पर उन्होंने कहा, नहीं, मैं शामिल नहीं हो रही। मैंने राजनीति छोड़ दी है। मुझे भाजपा या किसी दूसरी पार्टी में शामिल होने में कोई दिलचस्पी नहीं है। लेकिन जो लोग अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा से परे नहीं देख सकते हैं, वो सोचते हैं कि राज्यसभा या लोकसभा सीट निर्वाण पाने का रास्ता है। ऐसे लोग मुझ पर विश्वास नहीं करेंगे।

**केरल दौरा: जब अयोध्या में होगी प्राण प्रतिष्ठा,** देश में राम ज्योति जलेगी

# कांग्रेस ने गरीबी हटाओ का नारा दिया, हमने काम किया: मोदी

**एजेंसी** | कोच्चि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को कांग्रेस पर हमला किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने गरीबी हटाओ का नारा दिया, लेकिन काम हमने किया है।

हमारे काम का असर देश में दिख रहा है। पिछले नौ साल में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा तो अयोध्या में होगी, लेकिन श्रीराम ज्योति देश के घर-घर और हर मंदिर में जलेगी। मेरा आग्रह है कि आप भी अपने मंदिरों में स्वच्छता अभियान चलाएं।

ये कोटि-कोटि लोगों के लिए भक्ति और आस्था से भरे पल हैं। मैं भी प्राण-प्रतिष्ठा से पहले होने वाले अनुष्ठान के यम नियमों का पालन कर रहा हूं। प्रधानमंत्री मोदी ने बुधवार को एनार्कुलम में में भाजपा के शक्ति केंद्र प्रभारियों के सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही। पीएम मोदी आंध्र प्रदेश के दौरे के बाद यहां पहुंचे थे। उन्होंने बुधवार सुबह कोच्चि में श्री गुरुवायुर मंदिर और त्रिप्रयार श्रीराम मंदिर में पूजा अर्चना की और बाद में कई बड़ी परियोजनाओं को लोकार्पण किया और अभिनेता की बेटी के विवाह में शामिल हुए।

उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा कि भाजपा भारत की एकमात्र पार्टी है जिसके पास तीव्र विकास का प्रमाणित ट्रैक रिकॉर्ड और भविष्य के लिए स्पष्ट दृष्टिकोण है।





### कार्यकर्ताओं को दिया जीत का फॉर्मूला

पीएम मोदी ने जीत का फॉमूला देते हुए कहा, हमारा संकल्प होना चाहिए कि हम अपना हर बूथ जीतेंगे। हम हर एक बूथ जीत सकते हैं तो केरल में चुनाव जीत सकते हैं। आपको अधिक मेहनत करनी होगी और हर मतदाता पर ध्यान देना होगा। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि केरल में वाम लोकतांत्रिक मोर्चा और संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा का ट्रैक रिकॉर्ड भ्रष्टाचार के इतिहास का पर्याय है। हमें ये लोगों तक पहुंचाना होगा।

### अभिनेता गोपी की बेटी के विवाह में हुए शामिल

मोदी फिल्म अभिनेता और राजनेता सुरेश गोपी की बेटी भाग्य सुरेश की शादी में भी शामिल हुए। इस दौरान प्रधानमंत्री ने नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद दिया। विवाह समारोह में फिल्म जगत की कई हस्तियों ने भी शिरकत की

### 4,000 करोड़ की परियोजनाओं का किया लोकार्पण

पीएम मोदी ने बुधवार को कोच्चि में 4,000 करोड़ रुपए की विभिन्न परियोजनाओं को राष्ट्र को समर्पित किया और कहा कि इनसे देश के दक्षिणी क्षेत्र के विकास को गति देने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि आज जब भारत वैश्विक व्यापार का एक प्रमुख केंद्र बन रहा है, हम देश की समुद्री ताकत बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। बंदरगाहों, जहाजरानी और अंतर्देशीय जलमार्गों के क्षेत्रों में व्यवसाय की सुगमता को बढ़ाने के लिए पिछले 10 वर्षों में कई अहम सुधार किए गए हैं।

### गुरुवायूर मंदिर में की पूजा-अर्चना

इससे पहले पीएम मोदी ने केरल के गुरुवायूर में पूजा-अर्चना की। पूजा के दौरान वे पारंपरिक परिधान 'मुंडू' और 'वेष्टि' (सफेद शॉल) धारण किए हुए थे। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, पवित्र गुरुवायूर मंदिर में प्रार्थना की। इस मंदिर की दिव्य ऊर्जा अपार है। मैंने प्रार्थना की है कि हर भारतीय खुश और समृद्ध हो।

**J&K के केंद्र शासित दर्जे से खफा**

# आज यहां लोगों की सुनने वाला कोई नहीं है: फारूक अबदुल्ला

**एजेंसी** | जम्मू



जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला ने जम्मू कश्मीर को केंद्र शासित प्रदेश बनाने के फैसले पर मोदी सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने बुधवार को जम्मू में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि आज आपकी कोई सुनने वाला नहीं। यहां जो हो रहा है, वह कहीं नहीं होता। उन्होंने कहा, मैंने कभी किसी रियासत को केंद्र शासित प्रदेश बनते नहीं देखा। मैंने केवल एक केंद्र शासित प्रदेश को राज्य बनते देखा है।मेरे समय में सचिवालय में इतनी भीड़ होती थी, लेकिन अब आपकी सुनने वाला कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि केंद्र शासित प्रदेश होने की वजह यहां तैनात सभी अधिकारी बाहर के हैं। यहां हमें कोई नहीं जानता। यहां के लोग अब ऊपर वाले के भरोसे हैं। इसे केवल आप (जनता) ही बदल सकते हैं। आप यानी यहां रहने वाले हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता ने कहा कि अब आप लोगों को ही तय करना है कि आपको जन्नत चाहिए या जहन्नुम। अगर आप यह हालात नहीं बदलोगे तो मिट जाओगे।

### फारूक ने गाया भजन...'मेरे राम, सूना-सूना आंगन मेरा...'

इस बीच फारूक अब्दुल्ला ने पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल सिब्बल के साथ उनके एक चैनल पर चर्चा के दौरान लोगों से अपील कि वे अपने धर्म को पहचाने की कोशिश करें, जिस दिन आप धर्म को समझ जाओगे किसी से नफरत नहीं करेंगे। इस बीच कपिल सिब्बल ने उनसे रामभजन सुनाने की अपील भी की। इसके बाद फारूक ने 'मेरे राम, मेरे राम, किस गली गयो मेरे राम, आंगन मोरा सूना, सूना' भजन गाया। फारूक ने कहा कि आज हम लोगों को एकजुट होकर सोचना होगा कि देश को कैसे बचाना है। अगर हम लोग एकजुट नहीं हो सके तो आने वाली पीढ़ियां हमें माफ नहीं करेंगी।

**भारत जोड़ो न्याय यात्रा:** राहुल गांधी ने साधा निशाना

# नागा शांति समझौते को लागू नहीं करने का पीएम मोदी पर आरोप

**एजेंसी** | कोहिमा

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने नागा शांति समझौते को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को घेरा है। उन्होंने कहा है कि अगर पीएम मोदी के पास शांति समझौते को लेकर समाधान नहीं था तो फिर उन्हें झूठ नहीं बोलना चाहिए था। राहुल इन दिनों कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान नगालैंड में हैं।

राहुल ने नगालैंड के मोकोकचुंग में लोगों को संबोधित करते हुए कहा, मुझे शर्म आती है कि प्रधानमंत्री मोदी ने 9 साल पहले नागालैंड के लोगों से वादा किया था, लेकिन इस बारे में कुछ नहीं किया। राहुल ने कहा कि मैंने नागा नेताओं से बात की है। वे इस बात को समझ नहीं पा रहे हैं कि अभी तक शांति समझौते की दिशा में कोई कदम क्यों नहीं उठाया गया है। कांग्रेस नेता ने कहा, 'हमें ये भी नहीं मालूम है कि पीएम मोदी समाधान को लेकर क्या सोचते हैं। ये एक ऐसी समस्या है, जिसके लिए बातचीत करनी होगी, एक-दूसरे को सुनना होगा।

### नागा नेताओं ने की राहुल से मुलाकात

इस बीच, नागालैंड के सबसे प्रभावी संगठनों में से एक नगा होहो ने राहुल गांधी से मुलाकात की है। संगठन ने नागा शांति समझौते के लागू नहीं होने पर चिंता जताई। उनका कहना है कि 2015 के समझौते के तहत तय किए गए फ्रेमवर्क को अभी तक लागू नहीं किया गया है। राहुल ने कहा कि हमने संगठन से कहा है कि हम नगालैंड के लोगों को न्याय दिलवाकर ही रहेंगे।

## सहकारी समितियों का है अहम रोल

**नई दिल्ली।** साल 2028 तक 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के भारत के लक्ष्य को पूरा करने में सहकारी समितियों की बड़ी हिस्सेदारी होगी। केंद्रीय सहकारिता और गृह मंत्री अमित शाह ने इन समितियों के विकास पर जोर देने की अपील करते हुए बुधवार को ये बात कही। वे दिल्ली के नौरोजी नगर स्थित वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में केंद्रीय सहकारी समितियों के रजिस्ट्रार के नए कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद बोल रहे थे। गौरतलब है कि 41,000 वर्ग फुट में फैली इस इमारत का निर्माण एनबीसीसी ने किया है। गृहमंत्री शाह ने कहा कि नए कार्यालय का अधिग्रहण 175 करोड़ रुपए में किया गया है।

### बेंगलुरु-कोलकाता से जुड़ा अयोध्या




*नई दिल्ली। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में बुधवार को नई दिल्ली में अयोध्या को बेंगलुरु और कोलकाता को जोड़ने वाली उड़ानों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर राज्यमंत्री जनरल वीके सिंह भी मौजूद थे।*

**अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा**




# सरयू घाट पर कलश पूजा, आज गर्भगृह में प्रवेश करेंगे रामलला

**एजेंसी** | अयोध्या

भगवान राम की नगरी अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठान के अनुष्ठान जारी हैं। सात दिवसीय अनुष्ठान के दूसरे दिन बुधवार को सरयू तट पर 'कलश पूजन' किया गया। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के यजमान डॉ. अनिल मिश्रा ने पूजन किया। इसके अलावा जलयात्रा, तीर्थपूजन, कलशयात्रा एवं भगवान श्री रामलला की मूर्ति का प्रासाद परिसर में भ्रमण आदि कार्यक्रम हुए। रामलला की 200 किलो वजन की नई मूर्ति को मंदिर परिसर लाया गया। भारी वजन के चलते मूर्ति का भ्रमण नहीं कराया गया। इसकी जगह रामलला की 10 किलो की चांदी की मूर्ति रामजन्म भूमि परिसर में घुमाई गई।

इस बीच, मीडिया रिपोर्टों के अनुसार राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने बुधवार को कहा कि प्राण प्रतिष्ठा के लिए'पूजा विधि' शुरू हो गई है और शायद गुरुवार सुबह रामलला 'गर्भगृह' में आएंगे। आने वाले दो-तीन दिनों में विभिन्न नदियों के जल से उनका अभिषेक होगा। अंत में 22 तारीख को साढ़े बारह बजे जब शुभ मुहूर्त होगा, तब रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। मिश्रा ने एक सवाल के जवाब में कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम को तो हम मर्यादा पुरुषोत्तम मानते हैं और जब वो मर्यादा पुरुषोत्तम हैं तो उनसे राजनीति कैसे जुड़ सकती है। ये तो हमारा नजरिया है कि हम उसे राजनीतिक समझें, लेकिन भगवान की दृष्टि सभी के लिए समान है, जो मर्यादा पुरुषोत्तम हैं, वो तो यथावत ही रहेंगे।



### रामलला के दर्शन करने सपरिवार जाएंगे केजरीवाल

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को कहा कि मैं 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा के बाद अपने परिवार के साथ अयोध्या भगवान राम के दर्शन करने जाऊंगा। साथ ही उन्होंने कहा कि हम को कोशिश करेंगे, प्राण प्रतिष्ठा समारोह के बाद दिल्ली से अयोध्या के लिए और अधिक ट्रेनें चलें। प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर निमंत्रण के सवाल पर केजरीवाल ने कहा कि उनका कोई पत्र आया था। उसके बाद हमने उनको फोन किया, तो उन्होंने बताया कि कोई फाइनल निमंत्रण देने के लिए उनकी टीम आएगी। ज्ञात रहे कि 16 जनवरी को केजरीवाल दिल्ली के रोहिणी के हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ में शामिल हुए थे।

### 'रामलला का मंदिर पूर्ण'

नृपेंद्र मिश्रा ने कहा कि मंदिर तो बन गया है। रामलला के मंदिर में गर्भगृह, पांच मंडप होंगे और वह मंदिर भूतल पर होगा। वह मंदिर बन गया है। प्रथम तल पर, जो निर्माणाधीन है, 'राम दरबार' होगा। वहां पर रामलला के साथ सीता जी होंगी, उनके भ्राता और परमसेवक हनुमान जी होंगे।

### 6 जिलों से शुरू होगी हेलिकॉप्टर सेवा

यूपी की योगी सरकार अयोध्या के लिए राज्य के छह जिलों से हेलिकॉप्टर सेवा शुरू करेगी। यह सुविधा गोरखपुर, वाराणसी, लखनऊ, प्रयागराज, मथुरा और आगरा से मिलेगी। बाद में प्रदेश के अन्य जिलों से भी इस सुविधा को जल्द शुरू किया जाएगा। इतना ही नहीं, योगी सरकार श्रद्धालुओं को अयोध्या नगरी और राम मंदिर के हवाई दर्शन भी कराएगी। इसकी जिम्मेदारी पर्यटन विभाग को दी गई है।

## जरूरी खबर

### सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च का FCRA लाइसेंस रद्द

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने टॉप थिंक-टैंक 'सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च' (सीपीआर) का विदेशी योगदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) लाइसेंस रद्द कर दिया है। सीपीआर दिल्ली में स्थित एक पॉलिसी रिसर्च संस्थान है। कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर की बेटी यामिनी अय्यर इस संस्थान की सीईओ हैं। करीब एक साल पहले केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सीपीआर का एफसीआरए लाइसेंस सस्पेंड किया था और अब इसे कैंसिल कर दिया गया है। एफसीआरए लाइसेंस के जरिए ही सीपीआर को विदेशों से धन मिलता है।एफसीआरए लाइसेंस को शुरुआत में 180 दिनों के लिए सस्पेंड किया गया था, मगर फिर बाद में इसे आगे बढ़ा दिया गया।

### 'आप' नेता जैन की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 'आप' नेता सत्येंद्र जैन की नियमित जमानत याचिका पर बुधवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। जस्टिस बेला एम. त्रिवेदी और जस्टिस पंकज मिथल की पीठ ने जैन की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक सिंघवी और प्रवर्तन निदेशालय की पैरवी कर रहे अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया। शीर्ष कोर्ट ने 14 दिसंबर 2023 को मामले में आप सरकार के पूर्व मंत्री जैन को चिकित्सा आधार पर दी गई अंतरिम जमानत आठ जनवरी तक बढ़ा दी थी।

### अलीगढ़ से ISIS आतंकवादी को किया गिरफ्तार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश एटीएस ने इस्लामिक स्टेट के एक आतंकवादी को गिरफ्तार किया है। वह आईएसआईएस की शपथ लेकर देश विरोधी गतिविधियां संचालित कर रहा था। आतंकी की पहचान फैजान बख्तियार के रूप में हुई है जिसके खिलाफ केस दर्ज किया गया था। इससे पहले एटीएस 8 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है जबकि एक ने सरेंडर कर दिया था। फैजान पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया था। उसे बुधवार को अलीगढ़ से गिरफ्तार किया गया। फैजान ने बताया कि उसने प्रयागराज के रहने वाले रिजवान अशरफ से ISIS की बैयत लेकर पूर्व में गिरफ्तार साथियों के साथ मिलकर अलीगढ़ ISIS का मॉड्यूल तैयार किया था।

## रक्षा सचिव ने किया गणतंत्र दिवस एनसीसी शिविर का दौरा





*नई दिल्ली। रक्षा सचिव गिरिधर अरमाने ने बुधवार को नई दिल्ली में आयोजित एनसीसी गणतंत्र दिवस शिविर का दौरा किया और कई कार्यक्रमों में शामिल हुए। शिविर में एनसीसी कैडेट और अधिकारियों के साथ अरमाने। अरमाने ने कहा कि एनसीसी के विस्तार का उद्देश्य देश भर में अधिक से अधिक युवाओं को सबसे बड़े वर्दीधारी युवा संगठन में शामिल होने और इससे मिलने वाले लाभों को सामने लाने के लिए प्रेरित करना है।*

### विधायकों के अयोग्यता केस में सुनवाई 22 को



**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र विधानसभा स्पीकर के विधायकों की अयोग्यता से जुड़े फैसले के खिलाफ उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में अब 22 जनवरी को सुनवाई होगी। उद्धव गुट की तरफ से सोमवार को दायर याचिका पर पहले 19 जनवरी को सुनवाई तय की गई थी, अब इस पर 22 जनवरी को सुनवाई होगी। बताया गया है कि उद्धव गुट की तरफ से पेश हुए वकील कपिल सिब्बल ने सीजेआई डीवाई चंद्रचूड, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच से मांग की थी कि इस याचिका पर शुक्रवार की जगह सोमवार को सुनवाई हो। इस पर सीजेआई ने हामी भर दी। विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने जून 2022 में विभाजन के बाद महाराष्ट्र के शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना के गुट को वास्तविक शिवसेना घोषित किया था।

**मणिपुर में फिर हिंसा:** पुलिस चौकी पर बम फेंके

# उग्रवादियों और पुलिस के बीच फायरिंग, दो सुरक्षाकर्मी शहीद

एजेंसी | इंफाल

मणिपुर में बुधवार को फिर हिंसा की घटनाएं हुईं। राज्य के तेंग्नोपॉल जिले के मोरेह शहर में मणिपुर पुलिस कमांडो और संदिग्ध उग्रवादियों के बीच बुधवार सुबह गोलीबारी हुई। पुलिस के मुताबिक, उग्रवादियों ने एसबीआई मोरेह के पास सुरक्षाबलों की एक चौकी पर बम फेंके और गोलीबारी की जिसके बाद सुरक्षाबलों ने जवाबी कार्रवाई की। सुरक्षाबलों ने पूरे क्षेत्र को घेर लिया है। दो जवानों के शहीद होने की खबर है।

पुलिस ने बताया कि एक पुलिस अधिकारी की हत्या के मामले में सीमावर्ती शहर में राज्यबलों द्वारा दो संदिग्धों को गिरफ्तार किए जाने के 48 घंटे बाद संदिग्ध उग्रवादियों ने सुरक्षा बलों की चौकी पर गोलीबारी की। इससे पहले, मणिपुर सरकार ने तेंगनोउपल में शांति भंग होने, सार्वजनिक सद्भाव बिगड़ने की आशंका संबंधी जानकारी मिलने के बाद 16 जनवरी को देर रात 12 बजे से कर्फ्यू लगा दिया था। सूत्रों के मुताबिक बुधवार बड़े तड़के करीब 3.30 बजे, तेंग्नोपॉल जिले के मोरेह शहर के चिकिम वेंग के वन क्षेत्र से गोलियों की आवाज सुनी गई। इसके बाद सुबह 6 बजे फिर से, मोरेह बाजार और अस्पताल क्षेत्र में संदिग्ध उग्रवादियों और मणिपुर पुलिस कमांडो के बीच गोलीबारी हुई। बम धमाके भी सुने गए।



फाइल फोटो

### मणिपुर सरकार ने केंद्र से मांगा हेलिकॉप्टर

मणिपुर सरकार ने सीमावर्ती शहर मोरेह में कानून व्यवस्था की स्थिति के मद्देनजर आपातकालीन जरूरतों को देखते हुये गृह मंत्रालय से बुधवार को हेलिकॉप्टर की मांग की है. राज्य के गृह आयुक्त टी. रणजीत सिंह ने गृह मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव (पुलिस द्वितीय प्रभाग) को लिखे एक पत्र में कहा, सीमावर्ती शहर मोरेह में कानून-व्यवस्था की स्थिति चिंता का विषय बनी हुई है क्योंकि वहां लगातार गोलीबारी हो रही है और इसके चलते बुधवार सुबह भारतीय आरक्षित वाहिनी (आईआरबी) के एक जवान की मौत हो गई है। पत्र में कहा, मोरेह में कभी भी चिकित्सीय आपातकाल के हालात बन सकते हैं।

### इंफाल से 105 किलोमीटर दूर है मोरेह

मोरेह, राज्य की राजधानी इंफाल से 105 किमी दूर है। तेंगनोउपल जिले में कानून-व्यवस्था की संवेदनशील स्थिति और कुकी उग्रवादियों द्वारा घात लगाकर हमला करने और आदिवासी महिलाओं द्वारा राजमार्ग को अवरुध करने जैसे खतरे को देखते हुए घायल कर्मियों को अस्पतालों तक पहुंचाने के लिए हेलिकॉप्टर सेवा ही एकमात्र सुविधाजनक तरीका है।

**सुप्रीम कोर्ट का** निर्देश

## रैली पर रोक नहीं, पर नफरत वाले भाषण न हों

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने हिंदू जनजागृति समिति की ओर से आयोजित होने वाले एक कार्यक्रम को लेकर छत्तीसगढ़ के रायपुर और महाराष्ट्र के यवतमाल प्रशासन को सख्त निर्देश जारी किए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने यवतमाल और रायपुर के जिला मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक को दोनों जगहों पर प्रस्तावित कार्यक्रमों के संबंध में निर्देश जारी किए हैं। कोर्ट ने कहा है कि वह इस बात को सुनिश्चित करे कि रैली में कोई नफरत वाले भाषण न हों। वहां हिंदू वादी संगठन और भाजपा विधायक टी राजा सिंह की रैली होने वाली है। यवतमाल में 18 जनवरी और रायुपर में 19 से 25 जनवरी के बीच कार्यक्रम प्रस्तावित है। जस्टिस संजीव खन्ना की अगुवाई वाली बेंच ने सुनवाई के दौरान रैली पर रोक लगाने से इनकार करते हुए कहा कि हेट स्पीच का जो भी आरोप है, उसमें संबंधित पक्ष कोर्ट के सामने नहीं हैं लेकिन हम एसपी और डीएम को निर्देश देते हैं कि वे अपने अधिकार क्षेत्र वाले इलाके में नफरल वाले भाषण न होने दें। रैली वाली जगह पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं जो कार्यक्रम को रिकॉर्ड करें और अगर इस तरह की कोई भी घटना होती है तो उसके लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान की जा सके। शाहीन अब्दुल्ला नाम के एक व्यक्ति ने एक आवेदन दायर किया था, जिसमें आरोप लगाया गया था कि नफरत फैलाने वाले भाषणों के कई मामले सामने आए हैं। यवतमाल जिले में 18 जनवरी को हिंदू जनजागृति समिति की रैली होने वाली है और इसमें नफरत भरे भाषणों की आशंका है।



**बंगाल में** ED की टीम पर हमले का मामला

## सीबीआई और पुलिस की संयुक्त SIT करेगी जांच: उच्च न्यायालय

एजेंसी | कोलकाता

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में ईडी अधिकारियों पर हमले के मामले में एक विशेष जांच दल(एसईटी) के गठन का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि पुलिस और सीबीआई की एक संयुक्त विशेष जांच दल बनाया जाना चाहिए। टीम का नेतृत्व सीबीआई और राज्य पुलिस से एसपी रैंक का एक अधिकारी करेगा। हालांकि उस विशेष जांच दल में नजत थाने का कोई पुलिस अधिकारी या कर्मचारी नहीं रहेगा। जस्टिस जय सेनगुप्ता ने बुधवार को यह आदेश दिया। उन्होंने कहा कि अदालत पूरी जांच की निगरानी करेगी। दरसअल, ईडी ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर मांग की थी कि जांच में बंगाल पुलिस ढिलाई बरत रही है।

ऐसे में अधिकारियों पर भीड़ के हमले की जांच राज्य पुलिस से लेकर सीबीआई को सौंप दी जाए। ज्ञात रहे कि संदेशखाली में ईडी की टीम टीएमसी नेता शाहजहां शेख के परिसर की तलाशी लेने गई थी। इसी दौरान टीम पर भीड़ ने हमला कर दिया जिसमें तीन अधिकारी घायल हो गए।



**हवाई यात्रा** बनी मुसीबत: तकनीकी खामी से अटका गेट

## टॉयलेट में फंसा यात्री, वहीं बैठ की यात्रा

■ स्पाइसजेट ने यात्री से मांगी माफी

एजेंसी | नई दिल्ली

मुंबई से बेंगलुरु जा रही स्पाइसजेट की फ्लाइट में गत मंगलवार को एक यात्री टॉयलेट में फंस गया था। यात्री को करीब 100 मिनट की यात्रा प्लेन के टॉयलेट में बैठकर ही पूरी करनी पड़ी थी।

अब इस मामले में एयरलाइन ने यात्री से माफी मांगी है। स्पाइसजेट की ओर से असुविधा झेलने वाले यात्री को पूरा रिफंड किया जाएगा। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार सुबह 2 बजे प्लेन के उड़ान भरने के बाद एक यात्री शौचालय के लिए गया था। टॉयलेट के गेट में हुई तकनीकी खराबी के चलते उसके नहीं खुलने की वजह से यात्री बाहर नहीं निकल पाया।

यात्री करीब 100 मिनट तक टॉयलेट में फंसा रहा। ऐसे में यात्री को पूरा सफर बाथरूम के अंदर बैठकर ही करना पड़ा। विमान जब बेंगलुरु के केंपागौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरा तो ग्राउंड स्टाफ ने टॉयलेट का दरवाजा तोड़कर यात्री को बाहर निकाला।

लैंडिंग के वक्त भी टॉयलेट में फंसे रहने की वजह से पीड़ित काफी परेशान था। वहीं, स्पाइसजेट के प्रवक्ता ने कहा है कि टॉयलेट में फंसने वाले शख्स को फुल रिफंड दिया गया है. केबिन क्रू ने भी टॉयलेट का दरवाजा खोलने की कोशिश की थी. मगर दरवाजा खुला ही नहीं।



### कमोड पर बैठे रहिए, विमान उतरने वाला है

वहीं, जब क्रू मेंबर्स को लगा कि अब टॉयलेट का दरवाजा नहीं खुलने वाला है, तो एक एयर हॉस्टेस ने कागज पर बड़े-बड़े शब्दों में लिखा, 'सर हमने दरवाजा खोलने की बहुत कोशिश की है. मगर हम इसे खोल नहीं पाए हैं। आप घबराइए मत, विमान कुछ ही देर में उतरने वाला है। इसलिए आप कमोड का ढक्कन गिराइए और उस पर बैठे रहिए और खुद को सुरक्षित रखिए। जैसे ही हम लैंड करेंगे, वैसे ही इंजीनियर हमारी मदद करेंगे।'

**श्री जगन्नाथ मंदिर हेरिटेज कॉरिडोर प्रोजेक्ट का लोकार्पण**

# भक्तों के लिए राह हुई सुगम, आसानी से होंगे दर्शन

एजेंसी | पुरी

ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बुधवार पुरी के ऐतिहासिक श्री जगन्नाथ मंदिर के आसपास 800 करोड़ रुपएके हेरिटेज कॉरिडोर प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया। हेरिटेज कॉरिडोर को श्रीमंदिर परिक्रमा प्रकल्प नाम दिया गया है। पटनायक ने पुरी के गजपति महाराजा दिव्यसिंह देव और मंदिर के लगभग 90 प्रतिनिधियों की उपस्थिति में श्रीमंदिर परिक्रमा प्रकल्प का लोकार्पण किया। उद्घाटन कार्यक्रम के अवसर पर तीर्थ नगरी पुरी को फूलों, रंग बिरंगी रोशनी और भित्तिचित्रों से सजाया गया है। मुख्यमंत्री पटनायक ने इस अवसर पर कहा कि यह परियोजना भगवान जगन्नाथ के आशीर्वाद के कारण संभव हो सकी है। इससे पहले राज्य सरकार ने बुधवार को सार्वजनिक अवकाश की घोषणा कर दी थी और भक्तों से इस अवसर को खुशी और भक्ति के साथ मनाने का आग्रह किया था।





### ड्रेस कोड है लागू

जगन्नाथ मंदिर में निकर, फटी जींस, स्कर्ट और बिना आस्तीन वाले कपड़े पहनकर आना प्रतिबंधित कर दिया गया है। नए साल से यह नियम लागू किया गया है।

### आगामी चुनाव से पहले उद्घाटन

सीएम नवीन पटनायक ने इस प्रोजेक्ट की शुरुआत ऐसे समय में की है, जब आगामी लोकसभा और ओडिशा विधानसभा चुनाव में कुछ ही महीनों का समय बचा है। माना जा रहा है कि बीजू जनता दल इस परियोजना को आगामी चुनाव में प्रमख मुद्दा बना सकता है।

### विशाल गलियारे का निर्माण

इस परियोजना के तहत 800 करोड़ रुपये की लागत से जगन्नाथ मंदिर की मेघनाद पचेरी के चारों ओर विशाल गलियारों का निर्माण किया गया है और इससे श्रद्धालुओं को सुव्यवस्थित तरीके से दर्शन करने में मदद मिलेगी। यह तीर्थयात्रियों को सुविधाएं भी प्रदान करेगा और मंदिर तथा भक्तों की सुरक्षा को मजबूत करेगा। प्रोजेक्ट के तहत मंदिर के आसपास पार्किंग स्थल, श्रद्धालुओं के आने-जाने के लिए सड़क और पुल,श्रद्धालुओं के लिए सुविधा केंद्र, क्लॉकरूम और कई अन्य सुविधाओं का विकास किया गया।

### 3200 करोड़ की परियोजना

3200 करोड़ की इस परियोजना को कई भागों में बांटा गया था। अकेले श्री जगन्नाथ हेरिटेज कॉरिडोर के लिए 800 करोड़ रुपए आबंटित किए गए। इसके अलावा परियोजना में श्री जगन्नाथ मंदिर प्रशासन भवन का पुनर्विकास, 600 लोगों की क्षमता वाला श्री मंदिर स्वागत केंद्र, जगन्नाथ सांस्कृतिक केंद्र, बदडांडा हेरीटेज स्ट्रीट स्केप, समुद्र तट विकास, पुरी झील और मूसा नदी पुनरुद्धार योजना समेत कई काम शामिल हैं।

**यात्रियों के रनवे पर** खाना खाने का मामला

## इंडिगो एयर लाइन पर 1.20 करोड़ का जुर्माना

एजेंसी | नई दिल्ली

नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने मुंबई एयरपोर्ट के रनवे पर यात्रियों के खाने के मामले में एयर लाइन इंडिगो पर 1.20 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया है। इसके साथ ही यात्रियों के हवाई पट्टी के पास खाना खाने की घटना पर बीसीएएस ने मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा लि. (एमआईएएल) पर 60 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। वहीं डीजीसीए ने इस मामले में मुंबई हवाईअड्डा परिचालक एमआईएएल पर 30 लाख रुपए का जुर्माना लगाया। इससे पहले बीसीएएस ने इंडिगो और हवाई अड्डा संचालक एमआईएएल को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। दरअसल रविवार को लंबी देरी के बाद जैसे ही इंडिगो की गोवा-दिल्ली उड़ान मुंबई हवाई अड्डे पर उतरी, कई यात्री इंडिगो के विमान से बाहर निकल आए और 'टरमैक' पर बैठ गए। इस दौरान कुछ यात्रियों को जमीन पर बैठकर खाना खाते हुए भी देखा गया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। बीसीएएस की तरफ से जारी नोटिस के अनुसार, इंडिगो और एमआईएएल दोनों ही स्थिति का अनुमान लगाने और हवाई अड्डे पर यात्रियों के लिए उचित व्यवस्था करने के लिए समय से पहले सक्रिय नहीं हुए।

### तेलुगू फिल्म हनुमान वर्ड ऑफ माउथ के चलते हिंदी में भी कर रही जोरदार कमाई

# डायरेक्टर प्रशांत वर्मा ने बॉक्स ऑफिस पर मारी पहली सेंचुरी

शिवराज गुर्जर | बेधड़क

**जयपुर।** तेजा साजा स्टारर तेलुगू फिल्म हनुमान वर्ड ऑफ माउथ के चलते बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है। फिल्म ने मात्र चार दिन में सौ करोड़ रुपए से ज्यादा का बिजनेस कर लिया है। डायरेक्टर प्रशात वर्मा की यह पहली फिल्म है, जिसने बॉक्स ऑफिस पर कमाई में सेंचुरी मारी है। अपनी यह खुशी वर्मा ने एक्स पर शेयर की है। उन्होंने लिखा है-My First Centuary In Films। यह फिल्म एक इंसान के हनुमान जी की शक्तियां पाकर सुपरमैन बन जाने की कहानी है। मूवी के कहने का अंदाज और इसके वीएफक्स लोगों को खासे प्रभावित कर रहे हैं। यही कारण है कि इस मूवी को अच्छी खासी पब्लिसिटी मिल रही है, जो कि बॉक्स ऑफिस पर कमाई के रूप में बरस रही है। वर्ड ऑफ माउथ के चलते इस मूवी की कमाई आने वाले दिनों में और बढ़ने की उम्मीद है।



### पहली ही फिल्म ने जीता था नेशनल अवॉर्ड

प्रशांत वर्मा ने 2018 में रिलीज हुई मूवी #Awe से डायरेक्टर के रूप में बड़े पर्दे पर डेब्यू किया था। अपनी पहली ही मूवी के लिए वर्मा ने बेस्ट स्पेशलन इफेक्ट का नेशनल फिल्म अवॉर्ड जीता। दूसरी मूवी 2019 में आई, नाम था कल्कि और तीसरी थी 2021 में आई जोम्बी रेड्डी। अब 2024 में वर्मा निर्देशक के रूप में चौथी मूवी हनुमान हनुमान लेकर आए हैं, जिसने उन्हें सौ करोड़ के क्लब में शामिल होने का मौका दिया है, वह भी मात्र चार दिन में ही।

### 21 करोड़ के पार थी पहले दिन की कमाई

फिल्म क्रिटिक मनोबाला विजयबालान के अनुसार हनुमान ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर 21 करोड़ 35 लाख रुपए के वर्ल्डवाइड कलेक्शन के साथ ओपनिंग ली थी। इसमें 2 करोड़ 10 लाख रुपए हिंदी वर्जन के थे। पहले शो के बाद मूवी की लोगों ने प्रशंसा की ओर दूसरे दिन इसका कलेक्शन 29 करोड़ 72 लाख रुपए पहुंच गया। बता दें कि इसमें एडिशनल प्रीमियर की कमाई भी शामिल थी। तीसरे और चौथे दिन दिन भी फिल्म की ग्रिप कम नहीं हुई और मूवी ने क्रमश: 24 करोड़ 16 लाख और 25 करोड़ 63 लाख रुपए की कमाई बॉक्स ऑफिस पर की। इस तरह से चार दिन में मूवी 100 करोड़ 86 लाख रुपए का कलेक्शन कर चुकी है।

## शिखर विधान में चढ़ाए अर्घ्य



**बेधड़क. जयपुर।** जनकपुरी-ज्योतिनगर जैन मंदिर में बुधवार को आचार्य सौरभ सागर महाराज के पावन सानिध्य में भक्ति भाव के साथ संगीतमय सम्मेद शिखर विधान का आयोजन हुआ। विधान के लिए चावलों से नयनाभिराम मंडल जनकपुरी की अंजू बाकलीवाल, अनिता बिंदायक्य व सुलोचना पाटनी द्वारा तैयार किया गया था। प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि भगवान नेमिनाथ के जिन बिम्ब को पाण्डुक शिला पर विराजमान कर अभिषेक तथा विश्व शांति के लिए रिद्धि मन्त्रों के साथ शांतिधारा की गई। शांतिधारा का सोभाग्य सरदारमल रमेश काला परिवार को प्राप्त हुआ। मंडल पर श्रविकाओं द्वारा चतुष्कोणीय मंगल कलश स्थापित किए गए तथा मयंक सुलोचना पाटनी द्वारा अखंड ज्योति प्रज्ज्वलित की गई। नित्य पूजन के बाद आचार्य द्वारा स्व रचित विधान के काव्यों का भक्तजनों ने तल्लीनता से अर्थ समझते हुए मंडल पर भक्ति के साथ श्रीफल सहित अर्घ्य समर्पित किए गए। विधान पंडित वीरेंद्र शास्त्री द्वारा संगीतकार जीतू गंगवाल के साथ संपन्न कराया गया। इसमें समाज के सैंकड़ों भक्तों की सहभागिता रही।

## मूर्ति स्थापना महोत्सव 21 से

**बेधड़क, जयपुर।** जयपुर श्री राधा-गोविन्द मंदिर सेवा समिति की ओर से 21 जनवरी से दो कलश ध्वज पुर्न स्थापना व रामलला मूर्ति स्थापना महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम संयोजक मंगतुराम गुप्ता व मोहनलाल बुनकर ने बताया कि रविवार को भजन संध्या व सोमवार को सुबह 11 बजे कलश ध्वज पूजन व ध्वज स्थापना आचार्यश्री तिलक शास्त्री द्वारा किया जाएगा। समिति अध्यक्ष डॉ. भवी मीणा, महामंत्री राजेन्द्र गुप्ता, महिला मण्डल संयोजक राज शर्मा ने बताया कि दोपहर में सामूहिक सुंदरकाण्ड के साथ ही 501 दीपों से महाआरती होगी।

## प्रतिभा सम्मान समारोह 21 को



**बेधड़क. जयपुर।** आशीष विजयवर्गीय फाउंडेशन 251 मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान करेगा। अयोध्या राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 21 जनवरी को होने वाले इस प्रतिभा सम्मान समारोह के पोस्टर का विमोचन बुधवार को समाज के विशिष्ट सदस्यों द्वारा किया गया। विजयवर्गीय अकाउंटिंग सर्विस एंड स्किल्स एकेडमी के संस्थापक आशीष विजयवर्गीय ने बताया इस मौके पर रक्तदान शिविर भी लगाया जाएगा। साथ ही सांस्कृतिक संध्या, सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ, आरती और पौष बड़ा प्रसादी का भी आयोजन किया जाएगा।

## City इवेंट्स

### खुली जेल में बच्चों को जूते-हूडीज बांटे



**बेधड़क. जयपुर।** प्रिजन एड एंड एक्शन रिसर्च (पार) की ओर से बुधवार को सांगानेर खुली जेल में बच्चों के लिए डोनेशन ड्राइव का आयोजन किया गया। इस दौरान जेल में अपने परिवारों के साथ रहने वाले 2 से 13 वर्ष की आयु के 300 से अधिक बच्चों को 300 हूडीज, 600 स्कूल के जूते और स्नीकर्स वितरित किए गए। ये बच्चे खुली जेल के अंदर स्थित प्राथमिक विद्यालय या आंगनवाड़ी में पढ़ते हैं। 'पार' की संस्थापक स्मिता चक्रवर्ती ने कहा कि हमारी टीम हर वर्ष इस समय में सांगानेर जेल का वार्षिक दौरा करती है और बच्चों को आवश्यक चीजें प्रदान करती है। हम यहां स्थित स्कूल और आंगनवाड़ी का विशेष रूप से सहयोग करते हैं।

### मैराथन का 'इवेंट कैलेंडर' लॉन्च




**बेधड़क. जयपुर।** 'दौड़ बदलाव की, जिद जीत की' ध्येय के साथ 15वीं एयू जयपुर मैराथन का 'इवेंट कैलेंडर' बुधवार को लॉन्च किया गया। वर्ल्ड ट्रेड पार्क और संस्कृति युवा संस्था द्वारा एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के सहयोग से आयोजित होने वाली यह मैराथन 4 फरवरी को होगी। मैराथन के आयोजक पं. सुरेश मिश्रा ने बताया कि मैराथन में 18 देशों के करीब एक लाख रनर्स के भाग लेने की उम्मीद है। मैराथन में 25 हजार से अधिक स्कूल कॉलेज के स्टूडेंट्स भी शामिल होंगे। भारी संख्या में वर्किंग महिलाएं भी इस दौड़ का हिस्सा बनेंगी। इवेंट कैलेंडर लॉन्च के बाद बाईस गोदाम स्थित संडे होटल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से एयू स्मॉल फाइनेंस बैक के एग्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट सौरभ तांबी और आवास फाइनेंस लि. के चीफ पर्सन ऑफिसर अंशुल भार्गव ने जयपुरवासियों को स्वस्थ रहने और अधिक से अधिक संख्या में एयू जयपुर मैराथन से जुड़ने की अपील की। कार्यक्रम में मुख्य सांसद राम चरण बोहरा, और विशिष्ठ अतिथि सिविल लाइंस विधायक गोपाल शर्मा रहे। इस मौके पर हवामहल से विधायक बाल मुकुंद आचार्य भी मौजूद रहे। वक्ताओं ने कहा कि एयू जयपुर मैराथन ने जयपुर के युवाओं को हेल्थ के साथ अपनी संस्कृति से जोड़ने का काम भी किया है। मैराथन पिछले 15 सालों से युवाओं में हेल्थ और शहर में स्वच्छता का संदेश देती आ रही है।

### पौषबड़ा महोत्सव में दोना प्रसादी वितरित

## नहर के गणेश के फूलों की झांकी लगाया बड़े और हलवे का भोग



बेधड़क | जयपुर

ब्रह्मपुरी के माउंट रोड पर स्थित अति प्राचीन दाहिनीं सूंड और दक्षिणमुखी श्रीनहर के गणेशजी के बुधवार को फूलों की झांकी सजाई गई। इसके साथ ही बड़ा और हलवे का भोग लगाया गया। दर्शन करने आए भक्तों को दोना प्रसादी वितरित की गई।

युवाचार्य पं. मानव शर्मा ने बताया कि मंदिर में बुधवार को पौषबड़ा महोत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह महोत्सव मंदिर पं. जय शर्मा के सान्निध्य में हुआ। प्रातः मंगला में पूजा अर्चना के बाद गणेशजी को नवीन पौषाक धारण करवाई गई। साफा बंधवाया गया। इसके बाद दोपहर 2 बजे गणपति को दाल के बड़े, पुए, हलवा, पुड़ी, सब्जी, चटनी और चूरमा का भोग लगाया गया।

इस अवसर पर गजानंद महाराज का फूलों से श्रृंगार किया गया। शाम को 5 बजे से भक्तजनों को पौषबड़ा की दोना प्रसादी का वितरण किया गया। युवाचार्य ने बताया कि सायं आरती के पश्चात भजन संध्या में प्रदेश के सुविख्यात शास्त्रीय व उपशास्त्रीय गायकों-वादकों आकांक्षा रावल, गोपालसिंह राठौड़, रमेश मेवाल, राजन खींची, नवल डांगी, परमेश्वर कथक, किशन कथक, दिलशाद, पिंटू खान, विजय बानेट, दिनेश खींची, हरीहरशरण भट्ट, संजीव, मोहन स्वामी इत्यादी ने हाजरी लगाई। कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन आरडी अग्रवाल एवं शोभाचंदर पारीक ने किया।

### 21 को बिड़ला सभागार में होगा सम्मेलन

## गुर्जर युवक-युवती देंगे परिचय प्रतिभाओं का होगा सम्मान



बेधड़क | जयपुर

गुर्जर समाज के विवाह योग्य युवक-यवतियां एक मंच पर आकर अपना परिचय देंगे। इसी मंच पर समाज की विभिन्न क्षेत्रों में नाम रोशन करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। मौका होगा गुर्जर समाज यवुक-युवति परिचय सम्मेलन और प्रतिभा सम्मान समारोह का।

स्टेच्यू सर्किल स्थित बिड़ला सभागार में 21 जनवरी को होने वाले इस कार्यक्रम की तैयारियों और कार्य आवंटन को लेकर बुधवार को सामूहिक विवाह आयोजन समिति, गुर्जर समाज -जयपुर के कार्यालय में बैठक आयोजित की गई।

इस मौके पर समारोह के निमंत्रण पत्र और पोस्टर का भी विमोचन समिति सदस्यों द्वारा किया गया। सामूहिक विवाह आयोजन समिति के अध्यक्ष गोविंद पोसवाल और महामंत्री नवरत्न बारवाल ने बताया गुर्जर समाज के 10th-12th में किसी भी संकाय में 70% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं और राज्यस्तरीय, राष्ट्र स्तरीय खिलाड़ियों का इस मौके पर सम्मान किया जाएगा। इसके साथ ही युवक-युवती के परिचय सम्मेलन में तय होने वाले जोड़ों के अभिभावकों का भी सम्मान करने का निर्णय किया गया। समाज के मंत्री, महापौर, विधायक और समाज के अन्य जनप्रतिनिधियों, समाज के अधिकारियों का भी सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में राजस्थान व अन्य प्रदेशों के गुर्जर समाजजनों को भी आमंत्रित गया है।

**मुलाकात** | जयपुर के शिविरों में रखी गई थी योग की मजबूत नींव

## बीस साल पुराना शिविर याद कर भावुक हुए बाबा रामदेव

बेधड़क | जयपुर

पतंजलि योगपीठ के माध्यम से योग विज्ञान को सहज एवं सरल रूप में जन जन तक पहुंचाने वाले स्वामी रामदेव बीस बरस पहले जयपुर में संपन्न विशाल योग शिविरों की याद दिलाने पर भावुक हो गए।



साथ ही उन्होंने बहुचर्चित किसान नेता राकेश टिकैत को अपने आंदोलन में अपार धीरज रखने की सलाह दी। मौका था हरिद्वार अंचल के योगग्राम निरामयम में संचालित नियमित शिविर का। शिविर में सपत्नीक भाग ले रहे राजस्थान के वरिष्ठ पत्रकार गुलाब बत्रा ने व्यक्तिगत मुलाकात के दौरान बाबा रामदेव को याद दिलाते हुए कहा- "स्वामी जी हम उस जयपुर से हैं, जहां आपने सबसे पहले बड़े पैमाने पर योग शिविर लगाए थे। महाराजा कॉलेज के खेल मैदान का शिविर अत्यंत चर्चित हुआ था जिसमें आपने काले बालों के लिए नाखून से नाखून घिसने की बात बताई थी। यह सुन स्वामी जी खिलखिला उठे और कहा कि आपने तो बहुत पुरानी याद दिला दी। बत्रा की बहन उषा थापर ने याद दिलाया कि हम चारों बहिनें योग शिविर में आ चुकी हैं और हमारे नाते-रिश्तेदारी के नौ परिवार शिविर कर चुके हैं तो उन्होंने हंसते हुए कहा कि आपने तो पूरा कुनबा योग से जोड़ दिया।"

बत्रा ने सात दिवसीय शिविर में पत्नी पुष्पा बत्रा व बहन-बहनोई उषा थापर व मदनमोहन थापर के साथ भाग लिया। बाबा रामदेव ने सभी शिविरार्थियों से व्यक्तिगत भेंट की व उनके साथ फोटो खिंचवाए।

### जयपुर के शिविरों से मिली योग को प्रसिद्धि

जयपुर में प्रारम्भिक दो शिविरों के आयोजकों में कमल अग्रवाल, कुलभूषण बैराठी आदि के साथ शामिल नरेश सिंघल ने बताया कि वर्ष 2003 फरवरी में सूरज मैदान पर तथा नवंबर में महाराजा कॉलेज के मैदान पर आयोजित शिविर में स्वामी रामदेव एवं आचार्य कर्मवीर सम्मिलित हुए थे। जयपुर में लगातार आयोजित शिविरों ने योग के प्रति लोगों को आकर्षित किया और योग को जन जन तक पहुंचाने के काम की मजबूत नींव रखी। हिण्डौन निवासी रमेश सिंघल के अनुसार बीसवीं शताब्दी के आखिरी दशक में स्वामी रामदेव हिण्डौन क्षेत्र में आर्य समाज की गतिविधियों में अधिक सक्रिय रहे। वे यज्ञ अनुष्ठान के पश्चात प्रवचन करते थे, जिससे लोग अत्यंत प्रभावित होते थे।

### टिकैत से बोले 'थोड़ा धीरज रखने की आदत डाल'

व्यक्तिगत भेंट में स्वामी रामदेव किसान नेता राकेश टिकैत के साथ खड़े लोगों से भी मिले। हंसी खुशी के माहौल में टिकैत की ओर संकेत करते हुए बाबा ने कहा कि यह अपने समुदाय में गहरी समझ-बूझ रखने वाला समझदार नेता है। पिछले साल के किसान आंदोलन की ओर संकेत करते हुए स्वामी रामदेव ने राकेश टिकैत से कहा कि भाई उतावलापन मत किया कर। धीरज रखने की आदत भी डाल। इसी धैर्य से सब अच्छा होगा।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, गुरुवार, 18 जनवरी, 2024





अधर्म के मार्ग से जीतने वाले दरअसल ज़िंदगी में और बहुत कुछ हार जाते हैं।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### बैंकॉक से 95 किमी दूर पटाखा फैक्ट्री में हुआ हादसा

# थाईलैंड में पटाखा फैक्ट्री में भीषण ब्लास्ट

## 23 की मौत कई घायल



**एजेंसी** | बैंकॉक

मध्य थाईलैंड में बुधवार को एक पटाखा फैक्ट्री में हुए विस्फोट में 23 लोगों की जान चली गई और कई अन्य घायल हो गए। फिलहाल बचाव अभियान जारी है और विस्फोट का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। समरकुन सुफान रेस्क्यू फाउंडेशन के एक अधिकारी के अनुसार इस हादसे में 23 लोग मारे गए।

इस बीच, सोशल मीडिया पर सामने आई साइट की तस्वीरों और वीडियो में एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट के बाद घना धुआं उठता हुआ दिखाई दे रहा है। इसमें स्थानीय बचावकर्मी लोगों की मदद करते नजर आ रहे हैं। यह विस्फोट फरवरी में चीनी नव वर्ष से एक महीने से भी कम समय पहले हुआ। इस दौरान आतिशबाजी की मांग काफी होती है।

### घटनास्थल पर कोई भी व्यक्ति नहीं मिला जीवित

घटनास्थल पर बचावकर्मियों ने कहा कि कोई भी जीवित व्यक्ति नहीं मिला है। प्रांतीय अधिकारियों के मुताबिक घटना बैंकॉक से लगभग 95 किमी (60 मील) उत्तर-पश्चिम में स्थित सुफान बुरी में हुई। विश्व आर्थिक मंच के लिए स्विट्जरलैंड में मौजूद प्रधान मंत्री श्रेथा थाविसिन के कार्यालय ने एक वीडियो जारी किया है, जिसमें क्षेत्रीय पुलिस कमांडर ने उन्हें फोन पर बताया कि विस्फोट के समय कारखाने में 20 से 30 कर्मचारी थे और कि उनमें से कोई भी नहीं मिल सका। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि विस्फोट लगभग 0800 जीएमटी पर हुआ और अधिकारी अभी भी जांच कर रहे हैं कि कितने लोग मारे गए। गौरतलब है कि थाईलैंड में आतिशबाजी का कारोबार करने वाली दुकानों या फैक्ट्रियों में विस्फोट होना आम बात है। पिछले साल, दक्षिणी नाराथिवाट प्रांत में एक आतिशबाजी के गोदाम में विस्फोट के बाद 10 लोग मारे गए थे और 100 से अधिक अन्य घायल हो गए थे।

### ड्रैगन को झटका: अर्थव्यवस्था और जनसंख्या में गिरावट

# घटे रहे युवा... बढ़े बुजुर्ग

**एजेंसी** | बीजिंग

दुनिया में दशकों तक सबसे ज्यादा आबादी वाले देश रहे चीन में लगातार दूसरे साल जनसंख्या में गिरावट दर्ज की गई है। कमजोर आर्थिक ग्रोथ के संकट का सामना कर रहे चीन के लिए यह स्थिति चुनौतीपूर्ण है। एक्सपर्ट्स का कहना है कि इससे आने वाले सालों में चीन की युवा आबादी तेजी से कम होगी और अर्थव्यवस्था पर बोझ बढ़ेगा। कामकाज के लिए युवाओं की संख्या कम होगी, जबकि बुजुर्ग लोग तेजी से बढ़ जाएंगे। ऐसी स्थिति में चीन के लिए अपनी आर्थिक ग्रोथ को रफ्तार देना आसान नहीं होगा। चीन ने लंबे समय तक वन चाइल्ड पॉलिसी अपना रखी थी। इसकी वजह से भी गिरावट दर्ज हुई है।



### आबादी पर कोरोना महामारी का असर

जन्मदर में कमी और कोरोना जैसी महामारी का सीधा असर चीन की जनसंख्या पर दिख रहा है। बीते साल चीन में 9.02 मिलियन बच्चे पैदा हुए, जबकि 2022 में यह आंकड़ा 9.56 मिलियन का था। चीन ने तेजी से बढ़ती आबादी को नियंत्रित करने के लिए 1980 के दशक में वन चाइल्ड पॉलिसी लागू की थी। फिर 2016 में इसमें ढील दी गई और 2021 में तीन बच्चों वाले कपल्स को कुछ रियायतें तक देने का ऐलान कर दिया गया। फिर भी लोग ज्यादा बच्चे नहीं कर रहे हैं।

### एक से ज्यादा बच्चे पैदा करने पर सब्सिडी दे रही है सरकार

हाल ही में चीन ने वन चाइल्स पॉलिसी को वापस ले लिया था, लेकिन अब भी लोग बढ़ती महंगाई समेत कई कारणों से ज्यादा बच्चे पैदा करने में रुचि नहीं ले रहे हैं। स्थिति यह है कि चीन की सरकार अब एक से ज्यादा बच्चे पैदा करने पर सब्सिडी दे रही है और इसके लिए कैंपेन भी चल रहा है। चीन के सांख्यिकी ब्यूरो ने कहा, '2023 के अंत में देश की आबादी 1 अरब 40 करोड़ थी। यह 2022 के आखिरी दौर के मुकाबले 2 मिलियन कम है।' चीन में 2023 में आई जनसंख्या में गिरावट 2022 के मुकाबले डबल है। 1960 के बाद पहली बार 2022 में देश में जनसंख्या में कमी आई थी। तब देश की आबादी में 8 लाख 50 हजार की कमी हो गई थी।

### इन देशों में घट रही आबादी

चीन की तेज आर्थिक ग्रोथ की एक वजह उसकी बड़ी आबादी और वर्कफोर्स में उसकी हिस्सेदारी रही है, लेकिन अब जब वहां जनसंख्या ही कम हो रही है तो युवा आबादी में भी गिरावट है। यही नहीं आने वाले दशकों में यह संकट और गहराने की आशंका है। जापान, साउथ कोरिया, रूस, इटली जैसे कई देश हैं, जहां आबादी में तेजी से गिरावट आई है। पुतिन ने तो पिछले दिनों रूस की महिलाओं से अपील करते हुए कहा था कि वे ज्यादा से ज्यादा बच्चे पैदा करें।

### एक ही साल में 86% घट गई छात्रों की संख्या

# कनाडा से भारतीयों छात्रों का हुआ मोहभंग

**एजेंसी** | ओटावा

खालिस्तानी हरदीप सिंह निज्जर की बीते साल कनाडा में हुई हत्या का असर भारत के साथ रिश्तों पर दिख रहा है। यही नहीं भारत से पढ़ाई के लिए कनाडा जाने वाले छात्रों की संख्या में भी 86 फीसदी तक की कमी आई है।

कनाडा के इमिग्रेशन मिनिस्टर मार्क मिलर ने यह बात स्वीकार की है। उन्होंने कहा कि 18 सितंबर को पीएम जस्टिन ट्रूडो ने संसद में निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंट्स का हाथ बताया था। उसके बाद से विवाद बढ़ता चला गया और उसी का असर है कि भारतीय छात्रों की संख्या में यह कमी देखने को मिली है।

यही नहीं मिलर ने कहा कि इस स्थिति में जल्दी से सुधार होने की संभावना भी नहीं है क्योंकि यह मामला सुलझ नहीं सका है।



## श्रीलंका ने भारतीय मछुआरों को पकड़ा

**कोलंबो**। श्रीलंका की नौसेना ने उसकी समुद्री सीमा में कथित रूप से मछली पकड़ने पर 18 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया और उनकी नौकाएं जब्त कर ली। भारतीय मछुआरों को कथित तौर पर श्रीलंका की जलसीमा में मछली पकड़ने की वजह से गिरफ्तार करने की यह तीसरी घटना है। श्रीलंका की नौसेना ने बताया कि उत्तर पूर्व में मन्नार तट से सटे समुद्री क्षेत्र में इन मछुआरों को गिरफ्तार किया गया और उनकी नौकाएं जब्त कर ली गई हैं। उसने बताया कि पकड़े गए इन 18 मछुआरों को मन्नार के तालपाडू पायर ले जाया गया और उन्हें आगे की कार्रवाई के लिए तलाईमन्नार के मात्स्यिकी निरीक्षक के हवाले कर दिया गया। रविवार को, श्रीलंका की समुद्री सीमा में कथित रूप से मछली पकड़ने को लेकर 10 भारतीय मछुआरों को गिरफ्तार किया गया था और उनकी नौकाएं जब्त कर ली गई थीं।

## इस्लामिक जिहाद का कमांडर अरेस्ट

**तेल अवीव**। इजराइल डिफेंस फोर्सेस को एक बहुत बड़ी कामयाबी मिली है। गाजा में इस्लामिक जिहाद के एक बड़े कमांडर को आईडीएफ ने गिरफ्तार कर लिया है और उसने पूछताछ में कुछ बड़े खुलासे किए हैं। आईडीएफ ने इस कमांडर का फोटो भी जारी किया है।

### अछूती काली आकाशगंगा

# वैज्ञानिकों ने खोजी अनोखी गैलेक्सी

**एजेंसी** | वॉशिंगटन

खगोलविद्दों ने गलती से एक अनोखी गैलेक्सी की खोज की है। यह गैस से भरी एक अछूती काली आकाशगंगा है, जिसमें कोई भी दृश्यमान तारा नहीं है। इस गैलेक्सी को J0613+52 नाम दिया गया है।

खोज करने वाले शोधकर्ताओं का कहना है कि यह आकाशगंगा अब तक पाई गई सबसे धुंधली आकाशगंगा हो सकती है। ग्रीन बैंक टेलीस्को (GBT) का इस्तेमाल करने वाले वैज्ञानिकों ने इस अंधेरी आकाशगंगा की खोज की है। ग्रीन बैंक ऑब्जर्वेटरी के वरिष्ठ वैज्ञानिक करेन ओ'नील ने एक बयान में कहा कि जीबीटी को गलती से गलत कोऑर्डिनेट्स की ओर देखने को कहा गया। उन्होंने आगे कहा कि गलत दिशा में देखने के कारण यह गैलेक्सी मिली। इसमें कोई भी दृश्यमान तारा नहीं है। सितारे अगर वहां हैं, तो भी हम उन्हें देख ही नहीं सकते। इस गैलेक्सी की खास बात है कि यह अरबों प्रकाशवर्ष दूर नहीं है। इस कारण हम इसे बेहद साफ और कुछ-कुछ वैसा ही देख सकते हैं जैसा कि आज है। गैलेक्सी J0613+52 धरती से 27 करोड़ प्रकाश वर्ष दूर है। J0613+52 की खोज खगोलविद्दों की ओर से तब की गई जब उन्होंने दुनिया भर के कई प्रमुख रेडियो दूरबीनों के इस्तेमाल से कम चमक वाली आकाशगंगाओं (LSB) में हाइड्रोजन गैस का सर्वेक्षण किया था।



### तारों का हो रहा धीमे विकास

मालिन-1 अब तक की सबसे बड़ी सर्पिल आकाश गंगाओं में से एक है। यह हमारी मिल्की वे गैलक्सी से पांच गुना बड़ी है, लेकिन यह हमारी आकाशगंगा के मुकाबले सिर्फ 1 फीसदी चमकीला है। बड़ा आकार होने के बावजूद भी इसे नहीं देखा जा सकता। ऐसा लगता है कि LSB अन्य आकाश गंगाओं की तुलना में बेहद धीमे-धीमे विकसित हो रही है। इनमें से कई तारों के निर्माण प्रारंभिक चरण का अनुभव कर रहे हैं।

### बेहद कम निकलता है प्रकाश

इस सर्वेक्षण में ग्रीन बैंक टेलीस्कोप भी था, जो दुनिया का सबसे बड़ा पूरी तरह से चलाने योग्य रेडियो टेलीस्कोप है। LSB में तारों की बेहद कम संख्या होती है। यह बेहद दूर भी होते हैं। इस कारण यह मिल्की वे या एंड्रोमेडा गैलेक्सी आकाश गंगाओं की तुलना में बेहद कम प्रकाश पैदा करती हैं। रात के आसमान में इन्हें देखना भी बेहद मुश्किल हो जाता है। उदाहरण के लिए सबसे पहली LSB मालिन-1 थी, जिसे 1980 के दशक में खोजा गया था।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl